वर्ष 23, अंक 236, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 20 सितम्बर 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### जम्मू-कश्मीर को लेकर मोदी का वादा और इरादा

# अब तीन खानदानों के शिकंजे में नहीं रहेंगे लोग - पीएम मोदी

**श्रीनगर**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी आज जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में है। उन्होंने वहां सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने उनका अभिनंदन किया। आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर में 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए तीन चरणों में मतदान होगा। पहले चरण का मतदान 18 सितंबर को हुआ था, अन्य दो चरण 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को होंगे। मतगणना 8 अक्टूबर को होगी। अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में आप आए हैं। नौजवानों का ये उत्साह, बुजुर्गों की आंखों में शांति का संदेश और इतनी बड़ी मात्रा में माताएं-बहनें... ये नया कश्मीर है। कश्मीर पर हिला देने वाला ऐलान! मोदी ने कहा कि हम सबका मकसद जम्मू-कश्मीर की तेज तरक्की है। जम्मू-कश्मीर की तेज तरक्की का जज्बा और बुलंद करने के पैगाम के साथ आज मैं आपके बीच आया हूं। मैं देख रहा हूं कि आज मेरे कश्मीर के भाई-बहन खुशामदीद पीएम कह रहे हैं। मैं तहेदिल से उनका शुक्रिया अदा करता हूं। उन्होंने कहा कि जम्मू-



कश्मीर में इस वक्त जम्हूरियत का त्योहार चल रहा है। कल ही यहां 7 जिलों में पहले दौर की वोटिंग हुई। पहली बार दहशतगर्दी के साए के बिना ये वोटिंग हुई। हम सभी के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है कि इतनी बड़ी संख्या में लोग वोटिंग के लिए अपने घरों से बाहर निकले।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि किश्तवाड़ में 80% से ज्यादा वोटिंग, डोडा में 71% से ज्यादा वोटिंग, रामबन में 70% से ज्यादा और कुलगाम में 62% से ज्यादा वोटिंग हुई है। अनेक सीटों पर पिछली बार की वोटिंग के रिकॉर्ड टूट गए हैं। ये नया इतिहास बना है, ये नया इतिहास जम्मू-कश्मीर के लोगों ने रचा है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया देख रही है कि जम्मू-कश्मीर के लोग किस तरह भारत के लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं। इसके लिए मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को बधाई देता हूं!

विपक्ष पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले जब मैं जम्मू-कश्मीर आया था... तो मैंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर की बबार्दी के लिए तीन खानदान जिम्मेदार हैं। तब से, दिल्ली से लेकर श्रीनगर तक, ये लोग बौखलाए हुए हैं।

### जम्मू-कश्मीर को टेरर से, दहशतगर्दी से आजाद कराना...

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जम्मू-कश्मीर को टेरर से, दहशतगर्दी से आजाद कराना...जम्मू-कश्मीर के खिलाफ साजिश करने वाली हर ताकत को हराना...यहां के नौजवानों को, यहीं पर रोजगार के मौके दिलाना... ये मोदी का इरादा है, मोदी का वादा है। उन्होंने कहा कि हमारी एक और पीढ़ी को मैं इन 3 खानदानों के हाथों तबाह नहीं होने दूंगा।

इसलिए यहां अमन की बहाली के लिए मैं पूरी ईमानदारी से जुटा हूं। आज देखिए, पूरे जम्मू-कश्मीर में स्कूल-कॉलेज आराम से चल रहे हैं। बच्चों के हाथ में पेन है, किताबें हैं, लैपटॉप है। आज स्कूलों में आग लगने की खबरें नहीं आती, बल्कि आज यहां नए स्कूल, नए कॉलेज, अक्ब्ब्टर, मेडिकल कॉलेज, क्ब्ब्ळ बनने की खबरें आ रही हैं।

### 8 अक्टूबर तक प्रतीक्षा करें, सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा- अब्दुल्ला

**जम्मू कश्मी**

**जम्मू कश्मीर** में चुनाव के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने अनुच्छेद 370 और 35 ए को लेकर कांग्रेस व नेशन कॉन्फ्रेंस का समर्थन किया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान के बाद जेकेएनसी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। फारुक अब्दुल्ला ने कहा मुझे नहीं पता कि पाकिस्तान क्या कहता है। मैं पाकिस्तानी नहीं हूं, मैं एक भारतीय नागरिक हूं। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों पर 8 अक्टूबर तक प्रतीक्षा करें, सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।

## 'कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी'- शाह

**नई दिल्ली।**

पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की बहाली के मुद्दे पर शहबाज शरीफ सरकार और कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन एक ही पेज पर थे। यह टिप्पणी जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों के बीच आई है, जो 2019 में पूर्ववर्ती राज्य का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद पहली बार है। अब इसी को लेकर देश में सियासत तेज हो गई है। गृह मंत्री अमित शाह ने इसको लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस पर



निशाना साधा है।

अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का आर्टिकल 370 और 35अ पर कांग्रेस और JKNC के समर्थन की बात ने एक बार फिर कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि इस बयान ने पुनः यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं।

### 'बीजेपी रही तो चुनाव धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा'- तेजस्वी यादव

**बिहार**

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने सरकार के 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हालांकि, कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं। इन सब के बीच वन नेशन वन इलेक्शन पर राजद नेता तेजस्वी यादव का भी बयान सामने आया है। तेजस्वी ने मीडिया से कहा कि मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि बिल आने पर हम संसद में अपना रुख तय करेंगे।' उन्होंने कहा कि हम चुनाव के दौरान हमेशा कहते रहे हैं कि असंवैधानिक काम किया जा रहा है और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश की जा रही है।

राजद नेता ने आगे कहा कि आज वे एक राष्ट्र एक चुनाव ला रहे हैं, कल वे एक राष्ट्र एक पार्टी और फिर एक राष्ट्र एक नेता कहेंगे। उन्होंने कहा कि हम कहते रहे हैं कि बीजेपी आएगी तो चुनाव धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा। झारखंड, दिल्ली और महाराष्ट्र के चुनाव अभी क्यों नहीं कराए गए? जाहिर है कि बीजेपी आएगी तो लोगों का वोट देने का अधिकार छिन जाएगा। इससे पहले राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि मेरी पार्टी हमेशा कहती है कि इस देश में एक देश एक चुनाव था।

### आतिशी के साथ ये 5 नेता लेंगे मंत्री पद की शपथ, एक नया नाम



**नई दिल्ली।**

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी 21 सितंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी. इसी के साथ अब ये चर्चा भी चरम पर है कि उनके साथ आम आदमी पार्टी के कौन-कौन से विधायक मंत्री के रूप में शपथ लेंगे. कुछ महीने के बाद विधानसभा चुनाव होने की वजह से इस बात पर भी जोर दिया गया है कि सभी वर्गों के लोगों को मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व मिले. इस बीच सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन कैबिनेट मंत्री की शपथ लेंगे. नए चेहरे के तौर पर मुकेश अहलावत मंत्री बनेंगे. मुकेश अहलावत दलित समाज से आते है. सुल्तानपुर माजरा से अअढ विधायक हैं. अहलावत पहली बार के विधायक हैं.

निवर्तमान मंत्रिमंडल में गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन शामिल हैं. निर्वतमान केजरीवाल कैबिनेट में कोई भी दलित मंत्री नहीं था. ऐसा इसलिए क्योंकि राजेंद्र पाल गौतम ने एक बयान को लेकर विवाद में आने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था.

उनके स्थान पर राज कुमार आनंद को मंत्री बनाया गया, लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने मंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया. उसके बाद ?से अरविंद केजरीवाल सरकार में दलित समुदाय से कोई मंत्री नहीं था. दलित चेहरे के तौर पर विशेष रवि और कुलदीप कुमार का भी नाम आया था, लेकिन रेस में अहलावत आगे निकल गए.

लोकसभा चुनाव के दौरान भी नॉर्थ वेस्ट दिल्ली से उम्मीदवार के तौर पर मुकेश अहलावत का नाम चर्चा में था. हालांकि गठबंधन की वजह से ये सीट कांग्रेस को चली गई थी. अहलावत ने 2020 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार राम चंदर चावड़िया को हराया था।

### बिहार के 'सुपरकॉप' शिवदीप लांडे ने अचानक क्यों दिया इस्तीफा?

**पटनाः बिहार** के सुपरकॉप कहे जाने वाले क्ब्ब्र शिवदीप वामनराव लांडे ने इस्तीफा दे दिया है। हालांकि उन्होंने ये भी लिखा है कि वो अपने इस्तीफे के बाद भी बिहार में सेवा करते रहेंगे। उन्होंने अपने इस्तीफे के बारे में अपने ऑफिशियल फेजबुक पेज पर बताया। शिवदीप लांडे बिहार के उन अफसरों में गिने जाते हैं जो लॉ एंड ऑर्डर के आगे न किसी की पैरवी सुनते हैं और न किसी को पहचानते हैं। उनकी छवि एक ईमानदार और कड़क पुलिसवाले की है। क्ब्ब्र शिवदीप लांडे फिलहाल पूर्णिया रेंज के आईजी के पद पर तैनात थे।

शिवदीप लांडे का इस्तीफा

शिवदीप लांडे ने अपने ऑफिशियल फेसबुक पेज पर लिखा है कि 'मेरे प्रिय बिहार, पिछले 18 वर्षों से सरकारी पद पर अपनी सेवा प्रदान करने के बाद आज मैंने इस पद से इस्तीफा दे दिया है। इन सभी वर्षों में मैंने बिहार को खुद से और अपने परिवार से भी ऊपर माना है। अगर मेरे बतौर सरकारी सेवक के कार्यकाल में कोई त्रुटि हुई हो तो मैं उसके लिए क्षमाप्रार्थी हूं। मैंने आज भारतीय पुलिस सर्विस से त्यागपत्र दिया है परन्तु मैं बिहार में ही रहूंगा।

## संसद में सरकार के पास संख्या बल

### आसान नहीं 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की राह, क्या-क्या हैं चुनौतियां

**नई दिल्लीः** 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव को मोदी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव में लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव है। यह प्रस्ताव पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली हाई लेवल कमेटी की सिफारिशों पर आधारित है। देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस इसको शिगूफा बता रही है। अन्य विपक्षी दल भी मोदी सरकार की इस पहल को व्यवहारिक नहीं बता रहे हैं। हर किसी के मन में सवाल



आ रहा है कि क्या 'वन नेशन, वन इलेक्शन' को लागू करना मोदी सरकार के लिए आसान होगा? आइए जानते हैं इस प्रस्ताव के बीच कौन-कौन सी बड़ी अड़चन आ सकती है।

विरोध में हैं कितने राजनीति दल?

पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों को स्वीकार करते हुए, सरकार ने यह कदम उठाया है। इस साल की शुरूआत में कोविंद समिति से 47 राजनीतिक दलों ने एक साथ चुनाव कराने के बारे में अपनी राय साझा की थी। इनमें से 32 दलों ने इस विचार का समर्थन किया, जबकि 15 ने इसका विरोध किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ठऊअ की सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी ने सैद्धांतिक रूप से इसका समर्थन किया है। समिति के समक्ष इस कदम का समर्थन करने वाले सभी 32 दल या तो BJP के सहयोगी थे या फिर पार्टी के प्रति मित्रवत थे।

हालांकि, BJD ने BJP का साथ छोड़ दिया है। समिति के समक्ष इस कदम का विरोध करने वाले 15 दलों में से 5 NDA के बाहर के दल हैं, जिनमें कांग्रेस भी शामिल है।

### खड़गे के 'खत' का जेपी नड्डा ने दिया जवाब

# राहुल खुद पीएम का कई बार कर चुके हैं अपमान

**नई दिल्ली। भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के अन्य नेताओं द्वारा पीएम मोदी को कहे गए अपशब्दों की याद दिलाते हुए तंज कसा।

जेपी नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 110 से अधिक गालियां दी हैं। इसमें कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भी शामिल है।

खड़गे की ओर से हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे गए



पत्र का जवाब देते हुए जेपी नड्डा ने उन्हें लिखे पत्र में आरोप लगाया कि आपने राजनीतिक मजबूरीवश जनता द्वारा बार-बार नकारे गए अपने फेल्ड प्रोडक्ट को एक बार फिर से पॉलिश कर बाजार में उतारने के प्रयास में जो पत्र पीएम मोदी को लिखा है, उस पत्र को पढ़कर मुझे लगा कि आपके द्वारा कही गई बातें यथार्थ और सत्य से कोसों दूर हैं।

ऐसा प्रतीत होता है कि पत्र में आप राहुल गांधी सहित अपने नेताओं की करतूतों को या तो भूल गए हैं या उसे जानबूझकर नजरअंदाज किया है, इसलिए मुझे लगा कि उन बातों को विस्तार से आपके संज्ञान में लाना जरूरी है।

चूंकि आपने अपने पत्र में सेलेक्टिव तरीके से बात केवल राहुल गांधी को लेकर की, इसलिए मैं उसी से अपनी बात की शुरूआत करना चाहूंगा। जिस व्यक्ति का इतिहास ही देश के प्रधानमंत्री सहित पूरे ओबीसी समुदाय को चोर कहकर गाली देने का रहा हो, देश के प्रधानमंत्री के लिए अत्यंत अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने का रहा हो, जिसने संसद में देश के प्रधानमंत्री को डंडे से पीटने की बात कही हो, जिसकी धृष्ट मानसिकता से पूरा देश वाकिफ हो, उस राहुल गांधी को सही ठहराने की कोशिश आप किस मजबूरी के चलते कर रहे हैं?

ये राहुल गांधी की माताजी सोनिया गांधी ही थीं ना खड़गे जी, जिन्होंने पीएम मोदी के लिए 'मौत का सौदागर' जैसे अत्यंत असभ्य अपशब्दों का प्रयोग किया था?

### हिंद महासागर में कसेगा ड्रैगन पर शिकंजा

**अमेरिकीः हिंद** महासागर क्षेत्र में चीन लगातार अपना प्रभाव बढ़ा रहा है. इसी बीच अमेरिका ने हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के साथ ज्यादा निकटता से सहयोग करने का निर्णय लिया है. अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट एम कैंपबेल ने इसको लेकर बयान जारी किया है. उन्होंने कहा, "मैं आप को बताना चाहता हूं कि अमेरिका और भारत हिंद महासागर पर एक सत्र आयोजित करने जा रहे हैं. इस बारे में हम बात करने जा रहे हैं कि हमारी आपसी चिंताएं क्या है, हम कैसे एक साथ बात कर सकते हैं. अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट एम



कैंपबेल ने ये बात हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी रिपब्लिकन में की.

हिंद महासागर में भारत के साथ काम करना चाहता है अमेरिका

हक्ब्ठ ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि अमेरिका हिंद महासागर में भारत जैसे साझेदार के साथ काम करने को लेकर उत्सुक है. यह वैश्विक व्यापार के लिए सबसे महत्वपूर्ण जलमार्गों में से एक है. हिंद महासागर से हर दिन बड़ी मात्रा में शिपिंग यातायात गुजरता है. एक अनुमान के अनुसार, दुनिया का 60 प्रतिशत समुद्री व्यापार यहीं से होकर जाता है. इसमें दुनिया के एक तिहाई कंटेनर कार्गो और दुनिया के दो-तिहाई तेल शिपमेंट शामिल हैं. यहां पर करीब 36 मिलियन बैरल की आवाजाही होती है।

### NSA डोभाल के खिलाफ पन्नू ने दर्ज कराया केस, US कोर्ट ने जारी किया भारत सरकार को समन

**वाशिंगटन**

**कथित** हत्या के प्रयास को अमेरिका ने 2023 में विफल कर दिया था। मुकदमे में खालिस्तान समर्थक आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की मौत में भारत की संलिप्तता का भी आरोप लगाया गया है। गौरतलब है कि खालिस्तान समर्थक समूह सिख फॉर जस्टिस के महाधिवक्ता द्वारा लगाए गए आरोप अदालत में साबित नहीं हुए हैं और वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने फिलहाल इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। कनाडा के खालिस्तान समर्थक अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू ने भारत सरकार के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। इस मामले में अमेरिकी अदालत ने भारतीय सरकार को सम्मन भेजा है। सीबीसी न्यूज के अनुसार, भारत सरकार, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और अन्य के खिलाफ एक अमेरिकी संघीय जिला अदालत में दीवानी मुकदमा दायर किया गया है। खालिस्तानी अलगावादी की तरफ से भारतीय अधिकारियों के खिलाफ कथित हत्या के प्रयास के लिए हजार्ने का दावा किया गया है। इसके साथ ही कहा गया है कि इस कथित हत्या के प्रयास को अमेरिका ने 2023 में विफल कर दिया था।

## SP सबसे बड़ी माफिया पार्टी, अयोध्या के विकास से रामद्रोहियों को परेशानी...

### रामनगरी में अखिलेश पर भड़के सीएम योगी आदित्यनाथ

**अयोध्याः उत्तर** प्रदेश के अयोध्या में सीएम योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। सीएम योगी ने अयोध्या की मिल्कीपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि सपा सरकार में माफिया की पैरलर सरकार चलती थी। बबुआ अपने घर के बाहर नहीं निकलता था। बबुआ दोपहर में 12 बजे सोकर उठता था। प्रदेश की जनता पिसती थी। माफियाओं के आगे सरकार नाक रगड़ती थी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अयोध्या के विकास से समाजवादी पार्टी परेशान है। सीएम ने कहा कि त्रेतायुग में भी यही हुआ था। रामद्रोही कभी भी अयोध्या का विकास नहीं होने देना चाहते। दरअसल, पिछले दिनों अयोध्या में जमीन खरीद के मसले पर अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा था। अब योगी सार्वजनिक सभा के जरिए अखिलेश को जवाब देते दिख रहे हैं।

सरकार की सरकार माफियाओं की

सीएम योगी ने जनसभा में कहा कि यूपी देश के विकास का ग्रोथ इंजन है। 2017 के पहले प्रदेश के विकास में बैरियर था। 2017 के पहले गरीबों का भोजन सपा के गुंडे ले जाते थे। सीएम ने हमला करते हुए कहा कि प्रदेश में जितने भी माफिया हैं, वह सपा से जुड़े हुए थे। सपा की सरकार के कार्यकाल में माफिया की सरकार चलती थी। सीएम ने कहा कि समाजवादी सरकार के दौरान गरीब का भोजन लूटते था, जमीन कब्जा करते थे, जब उन पर कार्रवाई होगी तो सरगना तो परेशान होगा ही।



सीएम योगी ने अखिलेश यादव के अयोध्या में जमीन घोटाले के आरोपों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जमीन का कोई घोटाला नहीं हुआ है। दीपोत्सव पर जब अयोध्या में दीप जलते है तो परेशानी सपा मुखिया और पाकिस्तान दोनों को होती है। इनको विवादित ढांचा प्यारा था, जिसे रामभक्तों ने नेसतनाबूद कर दिया। सीएम ने कहा कि उसके हाथ राम भक्तों के खून से रंगे हैं। सपा का सारा कच्चा-चिट्ठा सामने आएगा तो मुंह दिखाने लायक नहीं रहेगी।

माफियाओं पर बोला करारा हमला

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में जितने अपराध में लिप्त में माफिया हैं, सब इनके चाचाजान थे। माफिया के सामने नाक रागड़ने वाला आज संत-महात्माओं को माफिया कहता है। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने 2017 में सरकार बनने के बाद एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स बनाई। सपा के माफिया और गुंडों ने जो जमीन कब्जा की थी। 64,000 हेक्टेयर जमीन को इनके कब्जे से मुक्त कराया। जब गुर्गों से जमीन को मुक्त कराएंगे, तो सरगना को तो परेशानी तो होगी ही होगी।

# मांडा मे सर्राफा व्यवसाई की हत्या पर बवाल







अखंड भारत संदेश

**विगत 19 जून वर्ष 2018 को छोटे भाई की गोली मारकर हुई थी हत्या**

**अब 19 सितंबर 2024 को बड़े बेटे की हत्या से काँप उठे परिजन**

**भारी बवाल के बाद पुलिस ने शव पीएम भेज कर केस दर्ज किया**

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा थाना अंतर्गत गरेथा (आंधी) निवासी संदीप सोनी उर्फ सोनू (26) पुत्र संतोष सोनी की बीती रात हत्या कर शव धरावनारा गाव स्थित धान के खेत मे फेंक दिया गया। प्रातः सुबह मृतक की बाइक सहित शव देख ग्रामीणों मे सनसनी फैल गई। सूचना पर मेजा एसीपी रवि कुमार गुप्ता,मांडा थानाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुचें। और पुलिस ने मृतक के मोबाइल फोन से शीनाख्त कर स्वजनों को मामले की जानकारी दी तो रोते बिलखते परिजन घटना स्थल पहुचें। वही परिजनों द्वारा शव घर लाया गया। घटना को लेकर परिजनों सहित ग्रामीणों मे कोहराम मचा रहा।

**पुलिस से छीने शव,पीएम को लेकर बवाल :** मांडा पुलिस द्वारा घटनास्थल पर ही शव को कब्जे मे लेने का प्रयास किया । लेकिन परिजनों ने पुलिस से नोकझोंक करते हुए एक नही सुनी और शव को घर लाया गया। इसके बाद भी शव को पीएम हेतु भेजनें के लिए पुलिस प्रयासरत रही वही आक्रोशित परिजन भड़क उठे। आरोपितों की गिरफ्तारी एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चार घंटे बवाल चला। आक्रोशित परिजनों को समझा बुझाकर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम को भेजा। उधर मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस अग्रिम कार्यवाही मे जुट गई है।

**छह साल में दो बेटों की हत्या से भयभीत हुए परिजन :**

विगत 19 जून वर्ष 2018 को संतोष सोनी के छोटे बेटे सौरभ सोनी की आंधी गाव के सामने हाइवे पर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। और बुधवार - गुरुवार की रात्रि में बड़े बेटे संदीप सोनी उर्फ सोनू की हत्या भी 19 सितंबर 2024 को हो गयी। इससे परिजन काफी भयभीत हो गये है। मृतक की माँ सरोजा देवी,पत्नी सोना देवी ,भाई मोनू सोनी ,बेटा हेमंत व बेटी हिमांशी का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। उक्त घटना से सभी दहल गया और आँखे नम हो गई है उक्त घटना की सूचना पर फॉरेंसिक टीम व डाग स्क्वाड भी धारावनारा घटना स्थल नहर के पास धान के खेत पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी रही ' वही पुलिस टीम हाइवे पर संचालित पेट्रोल पम्प पर लगे सीसीटीवी कैमरा फुटोज को भी खंगाल रही हैं।

## पांच लाख अतिरिक्त दहेज की मांग न पूरी होने पर विवाहिता को मार पीट कर भगाया

**मऊआइमा।** शादी में पांच लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मार पीट कर भगा दिया। विवाहिता ने ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के धरौता गांव निवासनीय शालनी गौतम पुत्री सन्त लाल की शादी 2012 में जनपद महाराजगंज गौतमबुद्ध नगर के नगर पालिका थाना नवतनवा निवासी संजीत राव पुत्र राम नयन के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मार पीट कर भगा दिए। आरोप है कि तमाम पंचायतों के बाद भी जब शालनी बिदा होकर ससुराल जाती तो पांच लाख की मांग की जाती तथा उसे मार पीट कर भगा दिया जाता। आजिज आ कर शालनी गौतम ने मऊआइमा थाने में पति संजीत गौतम,सास छोहाडी, ननद सुगंधबाला,देवर अमित राव, ससुर राम नयन के विरुद्ध संगीन धाराओ में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# मेजारोड चौराहे पर गलत तरीके से बने वाहन स्टैंड हैं सड़क हादसों के कारण : पप्पू उपाध्याय

**मेजा।** मेजारोड गोल चौराहा डग्गामार वाहनों का स्टैंड बन गया है ऐसे में लोगों को आने जाने में जहां भारी परेशानियां हो रही हैं वहीं आए दिन सड़क हादसे का शिकार हो रहे हैं। गोल चौराहे के समीप गलत तरीके से बना वाहन स्टैंड बंद कराया जाय क्योंकि वाहनों का जमावड़ा ही सड़क दुर्घटना का कारण है। उक्त बातें मेजारोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने एक प्रेसवार्ता के दौरान कही। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज- मिजार्पुर मुख्य मार्ग पर स्थित मेजारोड गोल चौराहा से सिरसा मार्ग, कोराव मार्ग तथा मिजार्पुर मार्ग पर गलत तरीके से बने वाहन स्टैंड और आए दिन हो रहे सड़क हादसों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि ऑटो ड्राइवरों की मनमानी और वाहनों को गलत तरीके से खड़ा करके प्रायःजाम लगवा रहे हैं जिससे आने जाने वाले राहगीरों को जहां भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वहीं लोग सड़क आए दिन सड़क हादसों का शिकार भी हो रहे हैं। श्री उपाध्याय ने आगे कहा कि गलत तरीके से चौराहे पर आड़े तिरछे खड़े वाहनों से स्थानीय व्यापारी भी बेहद परेशान हैं। दुकानों के सामने खड़े वाहनों के चलते ग्राहकों का दुकान पर खरीदारी के लिए जाना काफी दुर्लभ हो जाता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने यह भी कहा कि कभी कभी इन वाहन चालकों को वाहन हटाने के लिए दुकानदार बोलते हैं तो वाहन चालक और उसके स्वामी मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। इतना ही नहीं

**बाजार से प्रशासन द्वारा वाहन स्टैंडों को दूर नहीं हटाया गया तो मेजारोड व्यापार मंडल प्रदर्शन करने को होगा बाध्य**



व्यापार मंडल अध्यक्ष ने यह भी कहा कि व्यापारियों और दुकानदारों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनकी रक्षा सुरक्षा की जिम्मेदारी ही हमारी प्राथमिकता है। गौरतलब है कि मेजारोड में वाहन स्टैंड की बदहाल व्यवस्था को देखते हुए उन्होंने स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि गलत तरीके से बने वाहन स्टैंड को मेजारोड गोल चौराहे से हटाकर दूर नहीं किया गया तो सम्पूर्ण व्यापारी लामबंद होकर प्रदर्शन करने को बाध्य हो जायेंगे।

# पेड़ से लटकता युवक का शव देख, क्षेत्र में फैली सनसनी

अखण्ड भारत सन्देश

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा थानांतर्गत मांडवी देवी पहाड़ी सड़क के दक्षिण नदी के किनारे पर स्थित चिलबिल के पेड़ से लटकता युवक का शव देख क्षेत्र में सनसनी फैल गई हैं और युवक की मौत पर आस पास के लोगों में तरह तरह की चर्चाए फैली रही ' सूचना मिलते ही मांडा पुलिस घटना स्थल पर पहुचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर के लिए भेज दिया। बता दें कि मांडा खास मांडवी नगर गांव निवासी अंकित कुमार रावत उम्र (20) पुत्र रामचंद्र उर्फ फूलचंद्र रावत की बीते दो दिनों से किसी बात को लेकर नाराज चल रहा था। वही गुरूवार सुबह घर के दक्षिण नदी के किनारे स्थित चिलबिल के पेड़ से लटकता युवक का शव मिलने पर आवाक रह गए और परिजनों में कोहराम मच गया'



**मृतक की मां ने ससुरालजनो पर लगाया आरोप :** मृतक की मां माया देवी पत्नी रामचंद्र ऊर्फ फूलचंद्र ने मांडा थाने में तहरीर देकर बताया कि अपने बेटे अंकित कुमार रावत के ससुरालजनों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बेटा अपनी मर्जी से मांडाखास पहाड़ी स्थित माण्डवी नगर गांव निवासिनी गुड़िया वर्मा (धैकार) की पुत्री पिंकी के प्रेम जाल में फस गया और रजामंद होकर विगत वर्षों से साथ रहने का संकल्प ले लिया था ' पिंकी एक चालाक किस्म महिला के साथ - साथ चरित्रहीन औरत है। पिंकी कि माँ गुड़िया देवी रुपया कमाने के चक्कर में अपनी बेटी की शादी कई जगह की थी सबकी यही दशा हुई है ' आरोप है कि एक लाख रुपया न देने पर हमारे लड़के अंकित कुमार रावत को गुड़िया देवी, पिंकी व पंकज ऊर्फ छोटू ने धमकी दी कि सही समय पर पैसा नहीं दिया तो जान से मार दूंगा। वही पिंकी के तरफ से भी तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई हैं ' मृतक की माँ के तहरीर पर मांडा पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## न्यूज झरोखा

### मृतक के परिजनों ने मांडा थाने पर किया घेराव, धरना प्रदर्शन



**मांडा।** मृतक के परिजनों को शव नहीं सौंपने पर मांडा थाना परिसर के सामने मृतक के परिजनों ने दाह संस्कार के लिए घंटो घेराव व धरना प्रदर्शन किया जिसमें मृतक के परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पीएम रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं है। वहीं दरोगा माधव प्रसाद त्रिपाठी ने परिजनों को साफ तौर पर मना करते हुऐ कहा कि शव किसी भी हाल में परिजनों को नहीं सौंपी जाएगी जिससे आक्रोशित परिजनों ने पुलिस कर्मियों की मनमानी से क्षुब्ध होकर परिजनों ने डेंगुरपुर घाट शव लाने के लिए चले गए वहीं मृतक अंकित कुमार रावत का आधा परिवार देर रात तक थाना परिसर के गेट सामने बैठे रहे।

### कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कालेज में स्वच्छता अभियान के साथ विविध कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**शंकरगढ़।** कैंब्रिज हाई स्कूल एंड कॉलेज में हिंदी पखवाड़े के छठे दिन स्वच्छता अभियान के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आज से स्वच्छता का अभियान भी शुरू किया गया। सर्वप्रथम प्रथम वक्ता के रूप में विद्यालय के कामर्स प्रवक्ता सुधीर नारंग ने हिंदी के विषय में अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि आज के वर्तमान समय में हिन्दी भाषा या बोली के जीवित रहने के लिए मात्र साहित्य की नहीं बल्कि उसे व्यवसाय, विज्ञान और रोजगार की भाषा बनाने की आवश्यकता है।तत्पश्चात शिक्षिका रीना गोस्वामी ने रामधारी सिंह दिनकर की कविता जिसका शीर्षक था-'कोई अर्थ नहीं ' से अपनी सुंदर प्रस्तुति दी।विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी जी ने कहा कि हिंदी न केवल साहित्य के क्षेत्र में बल्कि पत्रकारिता,सिनेमा,अनुवाद, प्रशासनिक सेवा,तकनीकि क्षेत्र में भी रोजगार के अनगिनत अवसर प्रदान कर रही है। संचालन विद्यालय के प्रवक्ता धर्मराज कुशवाहा ने किया। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय, मनी शंकर दुबे,सौरभ प्रकाश, धर्मराज कुशवाहा,पंकज मिश्रा,मनोज तिवारी,पंकज श्रीवास्तव,सुधीर नारंग, राजेश गोस्वामी ,अखिलेश पांडे,दीपक केशरवानी,इमरान अहमद,अनुभव पांडेय,रीतू सुसारी,सिम्मी गुप्ता,रेखा सिंह,मीरा श्रीवास्तव,रीना गोस्वामी,मधु,दीपा, सोमवती, उषा प्रीती,अंजु,निहारिका आदि अध्यापक-अध्यापिकाएं उपस्थित रहें।

### नेता विरोधी दल विधान परिषद का स्वागत समारोह 21 को फूलपुर व बलापुर में



**करछना** लाल बिहारी यादव नेता विरोधी दल विधान परिषद उत्तर प्रदेश एवं शिक्षक विधायक का आगमन 21 सितंबर दिन शनिवार को समय 11:00 बजे पूर्वाहन गंगा पार के जवाहर लाल इंटर कॉलेज हनुमतनगर फूलपुर तथा दिन में 2 बजे जमुनापार स्थित कमला स्मारक इंटर कॉलेज बलापुर नैनी में स्वागत समारोह में सम्मिलित होंगे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ विवि गुट के जिलाध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी करछना के विधान सभा अध्यक्ष ननकेश बाबू ने बताया कि मा. लाल बिहारी यादव का जनपद प्रयागराज में भव्य स्वागत किया जाएगा। जवाहर लाल मौर्य इंटर कॉलेज के प्रबंधक बाबूराम मौर्य ने क्षेत्र के समस्त शिक्षकों एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी से अपील की है कि निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपने नेता का स्वागत कर उनके विचारों को सुने। तथा समारोह को सफल बनाने में अपना योगदान दें। माननीय नेता विरोधी दल जमुनापार के करछना विधानसभा के चाका ब्लाक में कमला स्मारक इंटर कॉलेज बलापुर नैनी में 2:00 बजे पहुंचेंगे जहां कॉलेज के प्रबंधक अनिल कुमार विश्वकर्मा तथा सपा कार्यकताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। जनपद प्रयागराज के सभी समाजवादी पार्टी के सम्मानित वरिष्ठ नेताओं, प्रबंधक, प्रधानाचार्य, क्षेत्र के शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं कार्यकताओं से अपील है कि तय समय पर पहुंचकर स्वागत समारोह को सफल बनाने में अपना योगदान दें। अपील करने वालों में प्रमुख रूप से अभय राज सिंह, फूलचंद कनौजिया, बुधराम यादव, अमर बहादुर सिंह, शिवमूरत पटेल, रमेश यादव, अवधेश श्रीवास्तव, अमरचंद गुप्ता, डॉ. विजय यादव, शिवमोहन पटेल, कमल चन्द, सी बी यादव, प्रेमचन्द, भुवाई लाल, सर्वेश आदि शामिल हैं।

### विधायक ने किया क्षेत्र भ्रमण, सुनी समस्या दिया निर्देश



**जसरा।** गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक डॉ वाचस्पति ने बारा विधान सभा का दौरा करते हुए लोगो का हाल जाना और समस्या को सुनते हुए उसके निदान हेतु सबंधित विभागीय अधिकारियों को फोन और पत्र के माध्यम से समस्या से निजात दिलाने के लिए कहा। बता दें कि विधायक से आस लेकर आए दूर दराज के लोगों को विधायक ने निराश नही किया, जिसकी जो भी समस्या रही सभी को सुना। मीडिया से बातचीत करने पर डॉ वाचस्पति ने कहा कि हमारा लक्ष्य समूचे बारा का विकाश करने पर है, बिना किसी भेद भाव के सब को साथ लेकर चलना हमारी पहली प्राथमिकता है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधान सभा के इरादतगंज, घूरपुर, गौहानिया, कांटी, मिश्रा बांध, जारी, गन्ने, सुरवल, नारीबारी, भगदेवा, जिगना सोनपुरा, नौढिया उपराहार सहित दर्जनों ग्राम पंचायतों का दौरा किया और लोगों का हाल जाना। इस मौके पर फूलचंद्र पटेल, नीरज केसरवानी, अर्पित जायसवाल, राजू द्विवेदी, आलोक पाठक, श्यामू निषाद, चंचल द्विवेदी, संदीप पटेल, राजकुमार पटेल, द्विजेश पांडेय, शिवप्रसाद केसरवानी, वीरेंद्र जायसवाल, अंजनीलाल, अखिलेश सिंह पटेल, अवध बिहारी, धीरज, गुड्डू, गोकुल,अर्जुन कुशवाहा मोनू यादव, जय प्रकाश, सूर्य प्रकाश सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

### मेघावियों को किया गया पुरस्कृत, दर्जनों छात्रों ने प्रतियोगिता में लिया था हिस्सा



**जसरा।** विकास खंड जसरा कार्यालय सभागार में कुछ दिन पूर्व हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा व सहायक विकास अधिकारी विनोद कुमार द्विवेदी तथा नायब तहसीलदार बारा के द्वारा 400 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में शिक्षक, छात्र व अभिभावक गण उपस्थित रहे। गुरुवार को पूर्व में आयोजित निःशुल्क सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी जसरा अखिलेश वर्मा ने कहा कि समान्य ज्ञान प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में प्रतियोगिता की भावना उत्पन्न होती है। जिससे भविष्य में बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं में लाभ मिलेगा। श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा के प्रधानाचार्य डॉ० योगेन्द्र सिंह ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी चंद्रप्रकाश त्रिपाठी ने बच्चों को संबोधित किया तथा पुरस्कार भी वितरित किया। संस्था के अध्यक्ष व कार्यक्रम के आयोजक सुधांशु मिश्रा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से आत्मविश्वास बढ़ाना है। उपाध्यक्ष राम जी त्रिपाठी ने बताया कि श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा, प्राथमिक विद्यालय पांडर, सुजौना, कंजासा, चिल्ला, छीड़ी सहित तीन दर्जन प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों में अनुभव पाल, ऋषि भारतीय, उत्कर्ष मौर्य, दीक्षा यादव, पीहू सेन, प्रिया सिंह, मोहित, रुनझुन ,मन्नत तिवारी, आदर्श शुक्ला ने प्रथम 11 में स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर बीओपीआरडी देवांशिका सिंह,मुकेश द्विवेदी,उपेंद्र द्विवेदी, अविनाश त्रिपाठी, सतीश तिवारी, अमन मिश्रा, शांतनु मिश्रा, मयंक ओझा, विजय राज प्रजापति, राजेश त्रिपाठी, शिबू मिश्रा,शनि शुक्ला, धनराज प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

# हिंद मजदूर सभा के नेताओं ने डीएलसी प्रयागराज मंडल को बारह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**कोरांव।** श्रमिकों की तरफ से विदेश मलेशिया में आयोजित सम्मेलन में भाग ले कर वापिस आने पर भोला नाथ तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंद मजदूर सभा ने बृहस्पतिवार को उप श्रमायुक्त प्रयाग्राज मंडल राजेश मिश्रा को बारह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रयाग राज मंडल में प्रत्येक क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की समस्याओं जैसे करोड़ों के अनवरत श्रम विभाग,बी ओ सी डब्लू,को प्राप्त हो रहे सेस,बीस लाख से अधिक पंजीकृत श्रमिकों का पंजीयन दिख रहा निरर्थक,कंप्यूटर घोटाले के कारण कई माह से श्रमिकों का पंजीयन,रिनिवल,ठप किए जाने,विभिन्न निर्माण श्रमिकों का पंजीयन स्थल पर किए जाने,ग्रामीण और शहरी इलाकों में लेबर अड्डों पर श्रमिकों का श्रमिक कार्ड बनाए जाने,सीएससी केंद्रों पर कार्ड पंजीयन,रिनिवल,योजनाओं के आवेदन बंद कर श्रमिक कार्यालयों



पर निदान और ऑनलाइन किए जाने, फॉर लेन सहित अन्य निर्मित हो रही सड़कों पर कार्यरत श्रमिकों का शिविर लगा कर पंजीयन कार्ड बनाने,विश्व का कुंभ मेले में निर्मित होने वाले 33 पाटून पुलों के निर्माण में लगे श्रमिकों का भी कार्ड बनाये जाने,संविदा के तरह कार्यरत हर विभाग में कार्यरत श्रमिकों कर्मियों को वेतन सुनिश्चित किए जाने श्रमिकों की निर्माण कार्य क्षेत्रों में सामाजिक सुरक्षा दिए जाने,आदि बिंदुओं की मांगों को अविलंब पूर्ण किए जाने की मांग की गई। श्री तिवारी के साथ ज्ञापन देते समय कोंस्ट्रक्सन,फॉरेस्ट,ब्रिक विलन,एंड उड वर्कर यूनियन के जिलाध्यक्ष श्याम जी श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

**बोले उपाध्यक्ष हिंद मजदूर सभा,**

नए श्रमिकों के पंजीयन, रिनिवल, योजनाओं के आवेदन ऑनलाइन चालू किए जाने पूर्व में ऑनलाइन आवेदनों के निस्तारण अधर में पड़े रहने आदि की समस्याओं को प्रमुख सचिव श्रम लखनऊ से मांग किया था,आइजीआरएस के माध्यम से जिस पर जांच कार्यवाही के आदेश जारी हुए और आश्वस्त किया गया के कन्या विवाह आदि के आवेदन ऑनलाइन शुरू कर दिया गया,नया कार्ड बनाने रिनिवल आदि का कार्य चालू कर दिया गया किंतु अभी तक नहीं चालू किया गया,निस्तारण दिखा कर झूंठी वाह वाही लुटी गई जो निंदनीय है।,,

## शुआट्स एनएसएस द्वारा स्वच्छता विषय पर रंगोली, निबन्ध प्रतियोगिताओं का आयोजन

**प्रयागराज।** शुआट्स में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित ह्यस्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अन्तर्गत रंगोली, निबन्ध, पेन्टिंग, स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि निदेशक (पब्लिक रिलेशन) डा. रमाकान्त दूबे थे। उन्होंने एनएसएस वालिंटियर्स का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनएसएस से जुड़ने का अर्थ मानव सेवा व देश सेवा है। साथ ही सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने से छात्र-छात्राओं को बहुत कुछ सीखने को मिलता है, जो सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम समन्वयक डा. दीपक कुमार बोस ने एनएसएस के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनएसएस कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं में नेतृत्वक्षमता और व्यक्तित्व विकास होता है। उन्होंने एनएसएस प्रमाणपत्र के लाभ के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में डीन प्रोफेसर डा. अंशू, निदेशक विकास डा रीतु प्रकाश दूबे, कार्यक्रम अधिकारी डा. अलका गुप्ता, डा. रीना मेहता, संयुक्त निदेशक प्रसार डा. ए.के. चौरसिया, विधि अधिकारी श्री चार्ली प्रकाश, डिप्टी पीआरओ कौशल सक्सेना आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता दी।

## प्रथम चरण में लगभग बीस यात्री प्रतीक्षालय क्षेत्र में बनेंगे : मुकेश कुमार कोल

**ब्लॉक प्रमुख ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास का खाका किया तैयार**

**कोरांव।** ब्लॉक प्रमुख कोरांव मुकेश कुमार कोल ने कई ग्राम पंचायतों में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ग्राम प्रधानों की मांग पर कई प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य का खाका तैयार कर विकास को गति देने की तैयारी की है। प्रमुख ने प्रथम चरण में ग्राम सभा प्रधान अल्हवा के सुझाव और आग्रह पर करीब बीस स्थानों मुख्य मार्गों पर यात्री प्रतीक्षालय बनवाए जाने की घोषणा की है। ब्लॉक प्रमुख ने बृहस्पतिवार को अपने कक्ष में अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन प्रयागराज मंडल के मंत्री अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे के सुझाव और विकास की चर्चा के दौरान उक्त बातें कहीं। उन्होंने ग्राम सभा अल्हवा में केडी स्टेट हाइवे मार्ग अल्हवा में सचिवालय भवन जाने वाली रोड तिराहे पर एक यात्री प्रतीक्षालय सहित देवघाट तिराहा,पाल चौराहा रंगनाथ,बड़ोखर तिराहा, भोगन, बदौर जवाईन,खीरी,रत्योरा मोड़, खजुरी तिराहा, गाढ़ा लखनपुर चौराहा, लेंडियारी, अयोध्या, पसना,सहित तकरीबन बीस यात्री प्रतीक्षालय जिनकी लागत करीब डेढ़ लाख तक होगी को लगवाए जाने की घोषणा की। साथ ही कई गांवों में पक्के घाट,तालाबों के घाट,कुछ इंटरलाकिग मार्गो को भी बनवाए जाने की बात कही। मुकेश कोल ने कहा मेरा उद्देश्य है मेरे स्तर से हर जगह कुछ न कुछ कार्य मेरे क्षेत्र पंचायत निधि से हों।

पूर्व में स्वीकृति कई प्रोजेक्टों, अल्हवा सहित अन्य सामुदायक शोंचालयों को निर्माण हेतु अवर अभियंता एमआई कोरांव को स्टिमेट,नक्शे बनाने और प्रस्तुत करने और निर्माण कार्य चालू कराने का निर्देश दिया। प्रमुख ने विभिन्न बिंदुओं पर उपस्थित कक्ष में राजनीति और विकास संबंधित बातों पर चर्चा की।

# नगर पालिका अध्यक्ष की सह के चलते ठेकेदार गुलाब से मुहल्ले वालों को पानी मिलना हुआ दुश्वार

**नगर पालिका में कमीशन का है बोल बाला ठेकेदार गुलाब द्वारा पहले से लगी कम शक्ति की मशीन डालकर बोर को किया फेल मुहल्ले वासियों में नगर पालिका अध्यक्ष सहित ठेकेदार के कारनामों को लेकर जबरदस्त आक्रोश**



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत वार्ड नंबर 23ए पी जे अब्दुल कलाम नगर के पार्षद मोहम्मद हुसैन ने बताया कि लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी हमारे वार्ड में पानी की किल्लत सुधरने का नाम नही ले रही हैं ' जिसके चलते मुहल्ले वासियों में नगर पालिका अध्यक्ष सहित ठेकेदार के प्रति जबरदस्त आक्रोश है 'लोगो ने बताया कि इस वक्त नगर पालिका बेलगाम हो गया है इतना ही नहीं नगर पालिका में ब्याप्त भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है वही अध्यक्ष द्वारा नियुक्त ठेकेदार गुलाब द्वारा मन माफिक तरीके से कार्य को अंजाम दिया जा रहा हे जो कि किसी से छिपा नहीं है ' भ्रष्टाचार एवम कमीशन खोरी के चलते पहले से लगी अधिक शक्ति शाली वाली मशीन को कम शक्ति शाली वाली मशीन लगाकर लोगों की समस्या और बढ़ा दी है जिसके चलते मुहल्ले वासियों को पानी मिलना बहुत ही मुश्किल हो गाया है नगर पालिका में जबरदस्त कमीशन के चलते पानी न मिल पाने से ठेकेदार एवम नगर पालिका अध्यक्ष के प्रति नगर के लोगो मे काफी आक्रोश ब्याप्त है वही यदि मोहल्ला की पीड़ित एवम क्रोधित महिलाओ की आज पानी की समस्या नहीं हल होती है तो पार्षद मोहम्मद हुसैन के साथ जिलाधिकारी का घेराव करने महिलाये जाएगी 'लोगो ने बताया कि ठेकेदार गुलाब के ऊपर नगर पालिका अध्यक्ष का हाथ होने की वजह से ठेकेदार मनमानी पर उतारू होकर इस तरह का घिनौना कार्य कर रहा है ' ऐसा नहीं कि नगर पालिका अध्यक्ष उक्त ठेकेदार के किए जा रहें कार्य को भली भांति जानती न हो उसके बाद भी लोगो को पानी नही मिल पा रहा है ' अब देखना यह हे की मोहल्ला वासियों की जटिल समस्या को तत्काल दूर करती है कि ठेकेदार को आशिर्वाद देती है '

# अपनी माटी,मूल्यों और जमुनापारी संस्कृति के अजेय प्रतिनिधि थे सांवरिया : डॉ पाण्डेय

**करछना।** लोकनाट्य और गंवई बोली की कविताओं को लेकर बीते कई दशकों से जनमन में रचे बसे सांवरिया का निधन लोकसाहित्य जगत, जागृति मिशन और जमुनापार की अपूरणीय छति है। अपने कृतित्व और व्यक्तित्व से दूर-दूर तक चर्चित सांवरिया जी सही मायने में अपनी माटी मूल्यों और जमुनापारी संस्कृति के अजय प्रतिनिधि थे। यह बातें रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित सांवरिया स्मृति श्रद्धांजलि सभा के दौरान जागृति मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने बहुत भावुक मन से कही। वरिष्ठ समाजसेवी त्रिवेणी प्रसाद पांडेय ने उनकी सादगी,रचनाओं में बसी गांव-समाज की सच्ची अभिव्यक्ति और प्रेरणादाई कवित्व को नमन किया तो वहीं शिक्षाविद् मदन मोहन शंखधर ने उन्हें नौटंकी के अंतिम कड़ी बताते हुए अपने कविधर्म द्वारा की गई समाज सेवा की सराहना की। आर.के.विश्वकर्मा ने सांवरिया को अवधी बोली बानी के लोक कवि की संज्ञा देते हुए उनकी सहजता और अल्हड़ व्यक्तित्व को

**माटी के बनल पिंजरवा,मटियै में गइले हेराई हो राम .......**

**सांवरिया स्मृति श्रद्धांजलि सभा में भावुक हुए लोग**




याद किया। कवि जितेंद्र जलज ने उनके रचना विमर्शों को लेकर जन कवि के असली मूल्यांकन की चर्चा की तो वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे वरिष्ठ अवधी कवि लाल जी सिंह देहाती नेअपनी रचनाओं के माध्यम से श्रद्धा सुमन अर्पित किए। युवा लोक गायक सत्यवान ने,माटी के पिंजरवा एक दिन माटी में मिलि जाई, जैसे भजन प्रस्तुत करते हुए सभी को भावविभोर किया। प्रसिद्ध भजन गायक संदीप द्विवेदी और लोक गायिका मोहिनी श्रीवास्तव ने भी प्रस्तुत भजनों पर माहौल को भावुक बना दिया। भाजपा के जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने सांवरिया को जाति धर्म से ऊपर उठकर एक सच्चे कवि और चिंतक के रूप में उनके कृतित्व की सराहना करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर महाकवि त्रिफला,प्रधानाचार्य मनीष तिवारी, योगेंद्र शुक्ला, सोभनाथ द्विवेदी, सोभनाथ शुक्ला, बालेंद्र गौतम,कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा,लखन प्रतापगढ़ी, वेद श्रीवास्तव, डॉ.वीरेंद्र कुसुमाकर, पंचम लाल यादव, श्यामलाल बेगाना,ओम शांति,कमला शंकर तिवारी, संतोष मिश्रा,सबरेज अहमद, केशव विश्वकर्मा रिंकू सिंह, जीपी शुक्ला, जीपी सिंह,उमेश, कमलेश यादव, रामबाबू यादव,संतोष शुक्ल समर्थ, संजय पांडेय, सरस,राधा शुक्ला समेत बड़ी संख्या में कवि, कलाकार ,साहित्यकार, शिक्षाविद, समाजसेवी मौजूद रहे।

# शिक्षक भर्ती के लिए चयन आयोग के बाहर छात्र-छात्राओं ने किया जमकर प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** टीईटी पास डीएलएड अभ्यर्थी आज गुरुवार को प्रयागराज स्थित उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग के बाहर धरना प्रदर्शन करने पहुंचे हैं। प्रदेश भर के हजारों अभ्यर्थी गेट पर पहुंचकर नारेबाजी कर रहे हैं। शिक्षक भर्ती संबंधित मांगों के समर्थन में लिखे स्लोगन व तख्तियां लेकर पहुंचे। डीएलएड अभ्यर्थियों के प्रदर्शन को देखते हुए आयोग के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स लगा दी गई है।

मौखिक नहीं लिखित आश्वासन मिले : प्राथमिक शिक्षक भर्ती को लेकर अब सिर्फ मौखिक नहीं बल्कि लिखित आश्वासन की मांग कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने बताया कि आयोग की अध्यक्ष ने आश्वासन दिया था कि प्राथमिक शिक्षक भर्ती के अधियाचन के लिए शासन स्तर पर पहल की जाएगी। लेकिन अभी तक इस पर कोई भी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। अब फिर अभ्यर्थी सड़कों उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने कहा,

आत्महत्या ही अब एक रास्ता : प्रदर्शन कर रहे गाजीपुर के अभिषेक यादव ने कहा, 6 साल से हम बेरोजगार बैठे हैं। तीन बार सीटेट, दो बार यूपीटेट पास करने के बाद अब लग नहीं रहा है कि भर्ती आएगी और हम लोगों को नौकरी मिल जाएगी। अब एक ही रास्ता बचा है आत्महत्या का। आजमगढ़ के रहने वाले अखिलेश यादव कहते हैं कि हम लोग 10-10 के कमरे में रहकर तैयारी कर रहे हैं, यदि सरकार भर्ती निकाल देती तो हम लोगों जीवन सुधर जाता। आलोक रंजन कहते हैं कि 2018 से शिक्षक भर्ती का विज्ञापन नहीं जारी हुआ। सरकार इसे जल्द से जल्द से विज्ञापन जारी करे।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

### कलेक्ट्रेट परिसर के भवनों के जीर्णोद्धार, सुदृढ़ीकरण एवं सुन्दरीकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के दिए निर्देश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट, परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने एडीएम सिटी कार्यालय, मुख्य राजस्व अधिकारी कार्यालय, नगर कलेक्ट्रेट कार्यालय, आबकारी कार्यालय, शस्त्र अनुभाग, अभिलेखागार सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया और सभी सम्बंधित अधिकारियों से कलेक्ट्रेट परिसर के सुन्दरीकरण हेतु विचार-विमर्श करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर के मुख्य भवन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति के भवन एवं संगम सभागार भवन के जीर्णोद्धार, सुदृढ़ीकरण एवं सुन्दरीकरण हेतु लोक निर्माण विभाग से आगणन बनवाकर बजट की मांग हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया है। मुख्य भवन के पूर्व में सुदृढ़ीकृत कराये गये कक्षों का निरीक्षण करते हुए शेष कक्षों को भी उसी अनुरूप सुसज्जित करने के लिए कहा है। इन कक्षों में विद्युत वायरिंग, प्लास्टर, पेंटिंग, फ्लोरिंग व एल्युमिनियम फाल्सिलिंग कराये जाने के लिए कहा है। निष्प्रयोज्य हुई आलमारियों को हटाकर शेष को सुव्यवस्थित ढंग से रखे जाने के लिए कहा है। पुराने रिकार्डों को बिडआउट किए एवं रिकार्डों को व्यवस्थित करने के लिए कहा है। अभिलेखागार कक्ष में अभिलेखों के सुरक्षित रख-रखाव को सुरक्षित करते हुए कक्ष की मरम्मत व अन्य कार्यों को कराये जाने के लिए कहा है। सभी कार्यालयों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देशित किया है। इस अवसर पर एडीएम नगर मदन कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, नगर कलेक्ट्रेट विनोद कुमार सिंह, नाजिर कलेक्ट्रेट अजय कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट समाचार



### हाईकोर्ट ने कहा-सड़क बना रहे तो मुआवजा देंगे या नहीं

#### कुंभ मेला के अभियंता से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा, ध्वस्तीकरण पर लगाई रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीडब्ल्यूडी कुंभ मेला के अधिशासी अभियंता खंड 4 से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा है। कोर्ट ने पूछा है कि बिना किसी कानूनी प्राधिकार के याची की जमीन पर बन रही सड़क के मुआवजे का भुगतान करेंगे या नहीं। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 25 सितंबर तय करते हुए याची के प्लांट से किसी भी निर्माण के ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति एमके गुप्ता और न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने प्रयागराज की फूलपुर तहसील के गांव कोटवा के रहने वाले अभिषेक उपाध्याय व दो अन्य की याचिका पर दिया। याचिका दाखिल कर कहा गया है कि उसकी जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया है। इसके बावजूद कुंभ मेले के लिए जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। मुआवजे का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है।अधिशासी अभियंता कुंभ मेला कोर्ट को बताया था कि 4 अगस्त 2022 के बैनामे के तहत याची का नाम प्लाट पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। पुराना चक था, कुंभ के लिए सुंदरीकरण किया जा रहा है। क्योंकि चकबंदी नहीं हुई है इसलिए कच्ची सड़क रिकॉर्ड पर दर्ज नहीं है। याची के अधिवक्ता ने कहा,पिछली चकबंदी में कोई सड़क दर्ज नहीं थी। वहां सड़क नहीं है। जबरन कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। याची से ऐसा करने की अनुमति नहीं ली गई है। न ही कच्चे मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। जबकि राजस्व अभिलेखों में सड़क दर्ज नहीं है। कुंभ कार्य के लिए ली गई जमीन का मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 25 सितंबर को की जाएगी।

### हाइकोर्ट ने पूछा-प्रयागराज में एम्स क्यों नहीं बन सकता

#### प्रदेश के मुख्य सचिव से मांगा जवाब, केंद्र सरकार से जमीनी हकीकत का हलफनामा मांगा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के मुख्य सचिव से पूछा है कि प्रयागराज में एम्स स्थापित करना क्यों जरूरी नहीं है। अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता एके गोयल ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि आदेश की जानकारी मुख्य सचिव को दी जाएगी। कोर्ट ने पिछले आदेश में केंद्र सरकार के अपर सालिसिटर जनरल वरिष्ठ अधिवक्ता शशि प्रकाश सिंह से प्रयागराज में एम्स के स्थापना की जमीनी हकीकत की जानकारी मांगी थी। उन्होंने जमीनी हकीकत और केंद्र सरकार के रूख को लेकर हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा। जिस पर कोर्ट ने जनहित याचिका को सुनवाई के लिए 17 अक्टूबर को पेश करने का आदेश दिया।

10 सालों में पूर्वांचल में महज एक एम्स : यह आदेश न्यायमूर्ति एमके गुप्ता तथा न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने सहज सारथी फाउंडेशन व अन्य की जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए दिया। याचिका में कहा गया है कि पिछले 10 सालो में केवल पूर्वांचल में एक एम्स स्थापित किया जा सका है। प्रदेश की आबादी में तेजी से वृद्धि हुई है। ऐसे में प्रयागराज में एम्स जैसी संस्था की स्थापना किया जाना जरूरी है। प्रयागराज का सड़क रेल मार्ग से चारों दिशाओं में संपर्क मार्ग है। और यहां उच्च सुविधा युक्त कोई अस्पताल नहीं है।

अपर सालिसिटर जनरल ने भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के हवाले से बताया कि 2014-15 मे आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में चार एम्स स्थापित किए जाने की घोषणा की गई थी।वर्ष 2015-16 के बजट में सात नये एम्स स्थापित करने की घोषणा की गई। जम्मू-कश्मीर, पंजाब, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश,असम व बिहार में एम्स स्थापित किए गए हैं। वर्ष 2017-18 मे गुजरात व झारखंड में दो एम्स स्थापित किए गये। वर्ष 2019-20 के बजट में हरियाणा में नया एम्स स्थापित किया गया। वर्ष 2014-15 के बजट में गोरखपुर में एम्स स्थापित किया गया है।अपर सालिसिटर जनरल व भारत सरकार के अधिवक्ता संजय कुमार ओम ने बताया कि पूर्वांचल में एम्स की स्थापना के बाद प्रदेश में किसी नये एम्स की योजना केंद्र सरकार ने नहीं दी है। कोर्ट ने कहा लगता है कोई मूल्यांकन नहीं हुआ : कोर्ट ने कहा पिछले दस सालों में चिकित्सा सुविधाओं पर जनसंख्या बढ़ने से भारी दबाव है। जिस पर केंद्र सरकार से प्रयागराज में एम्स के स्थापना की जमीनी हकीकत पर रिपोर्ट मांगी थी। किंतु लगता है कोई मूल्यांकन नहीं किया गया। जिस पर केंद्र सरकार की तरफ से हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा गया। कोर्ट ने प्रदेश के मुख्य सचिव से भी रिकॉर्ड पेश करने को कहा है कि प्रयागराज में एम्स जैसी संस्था क्यों नहीं स्थापित की जानी चाहिए। याचिका की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी।

## न्यूज झरोखा

### महाविद्यालय में सेमिनार हॉल के उन्नयन और आधुनिकीकरण का उद्घाटन



**नैनी।** नैनी बृहस्पतिवार को उच्च शिक्षा निदेशक डॉ अमित भारद्वाज ने राजकीय हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय महाविद्यालय के सेमिनार हॉल के आधुनिकीकरण का उद्घाटन किया। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि का स्वागत कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेश जैन ने किया। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उसके पश्चात मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में नीलिमा जैन उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और सेमिनार हॉल के आधुनिकीकरण पर सभी को बधाई दी। प्राचार्य ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और महाविद्यालय में लगातार सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी प्रोफेसर नीतू सिंह और धन्यवाद ज्ञापन वाणिज्य विभाग की प्रोफेसर सुवर्णा सरकार ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### कोचिंग संस्थानों की मनमानी का विरोध, छात्रों का प्रदर्शन




**प्रयागराज।** प्रयागराज में निजी कोचिंग संस्थानों के विरोध में आज गुरुवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सड़क पर उतर गए। विश्वविद्यालय के छात्रसंघ भवन पर जुटे सैकड़ों छात्रों ने आक्रोश मार्च निकाला। वह पैदल ही पुलिस कमिश्नर कार्यालय तक गए। विवेक कुमार शर्म करो..शर्म नहीं तो डूब मरो के नारे लगाते हुए चल रहे थे। दरअसल, विश्वविद्यालय के एक छात्रनेता पर एक कोचिंग संचालक की ओर से फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया था जिसमें संचालक ने गुंडा टैक्स मांगने का आरोप लगाया था। इसके विरोध में छात्र सड़क पर उतर गए हैं। बीते दिनों एग्जामपुर नामक कोचिंग संस्था में शिवानंद नाम के छात्र कि फीस वापसी के प्रकरण को लेकर गए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र नेता राहुल सिंह परिहार, बादल सिंह एवं उनके कुछ अन्य साथियों के खिलाफ कोचिंग संचालक विवेक सिंह ने साजिशन बेबुनियाद आरोप लगाते हुए रंगदारी मांगने और गाली गलौज करने का फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था। यही कारण है कि छात्र व छात्र नेताओं ने पुलिस आयुक्त को ज्ञापन देकर कोचिंग संचालक विवेक सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए निर्दोष छात्र नेताओं को ससम्मान जेल से रिहा करने की मांग की। छात्र नेता आदर्श भदौरिया ने कहा कि एग्जामपुर कोचिंग संचालक विवेक सिंह द्वारा लगाए गए सारे आप झूठे एवं बेबुनियाद हैं। एक साजिश के तहत तथाकथित प्रसिद्धि पाने के लिए विवेक कुमार ने यह छल किया है ,किंतु इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र इतने कमजोर नहीं है कि किसी छल के शिकार हों। इस मौके पर मोनू ठाकुर ,आनंद सिंह, प्रियांशु विद्रोही, सौरभ सिंह, आदित्य कुमार ,शिवम मिश्रा सनातनी ,अंकित पांडे , विपिन यादव ,विकास कोरी,अमन मिश्रा आकर्ष पटेल ,सतेंद्र पाल सहित सैकड़ो की तादाद में छात्र नेता एवं छात्र मौजूद रहे।

## मंत्री बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार ने किया विभाग एवं महिला कल्याण विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**द्वीप प्रज्वलित व फीता काटकर पोषण माह का किया उदघाटन, हरी झण्डी दिखाकर पोषण रैली को किया रवाना, 11 महिलाओं की गोदभराई, 11 बच्चों का अन्नप्राशन एवं स्वस्थ बालक बालिका प्रतिस्पर्धा में 11 बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया**




**प्रयागराज।** मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार श्रीमती बेबी रानी मौर्य जी गुरूवार को सर्किट हाउस में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग तथा महिला कल्याण विभाग के कार्यक्रमों की बैठक एवं समीक्षा की। बैठक में विभागीय अधिकारियों द्वारा मंत्री जी को अपने विभाग की योजनाओं व गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी गई, जिसपर मंत्री जी द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। बैठक के पश्चात आंगनबाड़ी केन्द्र कटरा बख्तियारी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंत्री जी द्वारा द्वीप प्रज्वलित करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्र पर फीता काटकर पोषण माह का उदघाटन किया गया एवं एक पेड माँ के नाम के अभियान के तहत पौधरोपड़ करते हुए बच्चों को फल प्रदान किया गया। कटरा बख्तियारी आंगनबाड़ी केन्द्र को उत्तम आंगनबाड़ी केन्द्र कहा गया। आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षणो परान्त बहादुरपुर ब्लाक के अन्तर्गत ब्लू डायमण्ड रिसार्ट, कनिहार, लीलापुर रोड, झूंसी, प्रयागराज में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह-2024 के अन्तर्गत 11 महिलाओं की गोदभराई, 11 बच्चों का अन्नप्राशन एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पर आयोजित किये गये स्वस्थ बालक बालिका प्रतिस्पर्धा में प्रथम/ द्वितीय/ तृतीय स्थान पाये 11 बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। बाल विकास एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रदर्शित स्टालों का अवलोकन किया गया एवं जनपद में बाल विकास विभाग एवं राकेट लर्निंग के समन्वय से संचालित ह्ल्लपोषण भी एवं पढ़ाई भी तथा हेलो डाक्टर दीदी के स्टालों का भी अवलोकन कर प्रोत्साहित किया गया। मंत्री जी द्वारा आँवले का पेड़ (एक पेड़ मां के नाम) का रोपण भी किया गया साथ ही पोषण रैली को हरी झण्डी दिखाकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री/ सहायिकाओं को रवाना किया गया। इस अवसर पर श्रीमती निर्मला पासवान, जिलाध्यक्ष भाजपा गंगापार कविता पटेल के साथ-साथ अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नैनी में फंदे से लटकी मिली विवाहिता की लाश



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के शक्तिनगर पहलवान वीर बाबा इलाके में एक विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस छत के रास्ते ग्रेल तोड़कर कमरे में घुसी और शव को फंदे से नीचे उतारा। विवाहिता की सात महीने पहले शादी हुई थी। विवाहिता की मां ने दहेज हत्या की तहरीर दी है। मूलतः बलिया के हरिपुर गड़वारा थानाक्षेत्र की रहने वाली आरती शुक्ला (23) पुत्री स्व. दयाशंकर की शादी बलिया के ही चंदन शुक्ला पुत्र विनोद कुमार शुक्तला के साथ दो मार्च 2024 में बलिया में ही हुई थी। चंदन के पिता सेना से रिटायर हैं। वह नैनी के शक्ति नगर स्थित पहलवान वीर बाबा मोहल्ले में मकान बनवाकर परिवार समेत रहने लगे। चंदन मेरठ में प्राइवेट नौकरी करता है। घर में सास और चचेरा भाई संदीप रहता है। गुरुवार सुबह आरती कमरे में पंखे के चुल्ले से दुपट्टे के बने फांसी के फंदे से लटकी दिखी। सास ने शोर मचाया कर आसपड़ोस के लोग जुट गए। मौके पर पुलिस और फील्ड यूनिट पहुंची। पुलिस ने छत पर लगी लोहे की ग्रिल को तोड़कर सीढ़ी के सहारे कमरे के अंदर गई और लाश फंदे से उतारी। मृतका की मां दुर्गावती ने नैनी पुलिस को तहरीर देकर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।


## कार्यालय नगर पंचायत अझुवा, कौशाम्बी

**निविदा सूचना**

नगर पंचायत अझुवा जनपद कौशाम्बी में समस्त पंजीकृत / नवीनीकृत/अन्य फर्मों एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग से प्राप्त मासिक धन से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 10/10/2024 को दोपहर 12:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत अझुवा कौशाम्बी में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा मूल्य नगद / आर०टी०जी०एस०के माध्यम से नगर पंचायत अझुवा के नगर निधि के खाता सं0 35716626492 भारतीय स्टेट बैंक शाखा अझुवा कौशाम्बी में जमा कर रसीद और 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि एन०एस०सी०/एफ०डी०आर० निविदा के 10/10/2024 को दोपहर 12:00 तक कार्यालय में रखे शील बाक्स में डाला जाना अनिवार्य है। सभी निविदाओं को उसी दिन दिनांक 10/10/2024 को साथ संलग्न कर उसी दिन दिनांक अपरान्ह 03:00 बजे अधिशासी अधिकारी व आयक्ष के समक्ष नगर पंचायत अझुवा कार्यालय में खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन कोई अवकाश होता है सो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जावेगी। निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद अथवा राष्ट्रीकृत बैंक द्वारा जारी एफ०डी०आर०/एन०एस०सी० जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अझुवा के पदनाम से बंधक ही मान्य होगी। 10 रुपए के स्टाम्प पर शपथ पत्र देना होगा कि आपके विरुद्ध कोई अभियोग या कही ब्लैक लिस्ट तो नहीं है। कार्य प्रारम्भ के पूर्व निर्धारित 100 रु० के स्टाम्प पर नियमतः अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार/फर्म के द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य/लागी गयी सामग्री के दौरान किसी भी प्रकार की धति/दुर्घटना के लिए नगर पंचायत अझुवा, कौशाम्बी जिम्मेदार नहीं होगी। इसके लिए समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार/फर्म की होगी। जी०एस०टी० नम्बर, हैसियत प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र की स्वः-प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार/फर्म द्वारा टेण्डर आगणन दर से कम पर डाला जाता है तो संयुक्त सविव उ०प्र० शासन नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 07 जनवरी, 2022 के द्वारा जारी पत्र का अनुपालन करना अनिवार्य होगा जो बिलों रेट होने पर निष्पादन सुरक्षा (Performance Security) जमा करने से सम्बन्धित है। किसी भी कार्य का भुगतान सहाम स्तर से सत्यापन के पश्चात ही किया जायेगा। इस योजना से कराये जाने वाले कार्यों का भुगतान धन की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा। निविदा डालने के पूर्व समस्त नियम / शर्तों को भली-भाँति कार्यालय से जानकारी कर लें, किसी भी त्रुटि के लिए निकाय जिम्मेदार नहीं होगी। समस्त अथवा किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र निविदा खुलने से एक दिन पूर्व किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा सम्बन्धी पूर्ण एवं विस्तृत विवरण टेण्डर प्रपत्र एवं सभी शर्तों का प्रपत्र आदि की जानकारी कार्यालय नगर पंचायत अझुवा के लेखा लिपिक से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**कराये जाने वाले निर्माण कार्यों का विवरण**

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत (FDR/NSC/नगद) | निविदा मूल्य GST सहित (नगद/RTGS) | कार्य पूर्ण करने का समय | मद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं0 4 मोक्ष धाम की बाउण्ड्री का निर्माण कार्य। | 660613.00 | 66061.00 | 1239.00 | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 2. | वार्ड नं0 1 भीतर में कालीमाता से गुड़िया तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 197150.00 | 19715.00 | 649.00 | 3 माह | |
| 3. | उच्च प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर मढ़ियामई में शेष भाग का बाउण्ड्री का निर्माण कार्य। | 685341.00 | 68534.00 | 1239.00 | 3 माह | |
| 4. | कम्पोजिट विद्यालय अझुवा प्रथम में छत मरम्मत का कार्य। | 94284.00 | 9428.00 | 531.00 | 3 माह | |
| 5. | वार्ड नं0 7 नगर पंचायत की सीमा टाण्डा रोड के0एस0 इण्टर कालेज गेट के पास एक नग एल टाइप स्वागत द्वार का निर्माण कार्य। | 203956.00 | 20396.00 | 649.00 | 3 माह | |
| 6. | वार्ड नं0 1 भौंतर मोड़ एस0पी0 त्रिपाठी स्कूल के पास एक नग स्मृति ओवर हेड द्वार का निर्माण कार्य। | 387079.00 | 38708.00 | 885.00 | 3 माह | |
| 7. | वार्ड नं0 9 इन्दिरा नगर में विनोद कौशल कुँआ से टावर के आगे तक आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 594788.00 | 59488.00 | 1121.00 | 3 माह | |
| 8. | वार्ड नं0 9 इन्दिरा नगर में जगदेव के घर से कलुई के घर एवं नरेश से टोपू के घर तक नाली एवं चार क्रासिंग का निर्माण कार्य। | 141325.00 | 14132.00 | 531.00 | 3 माह | |

पत्रांक / ०पं०अ० / निविदा सूब०/रा०वि०जा०/2024-2025 दिनांक-19/09/2024

अध्यक्ष
नगर पंचायत अझुवा
कौशाम्बी।


## बुलडोजर एक्शन से पहले मदरसे का 100 पन्नों का जवाब

**प्रयागराज।** प्रयागराज के जिस मदरसे में नकली नोट छापने, बच्चों के ब्रेन वॉश किए जाने का खुलासा हुआ। अब उसका मामला सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस तक पहुंचा है। मदरसा जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम पर बुलडोजर एक्शन की तैयारी थी। प्रयागराज प्राधिकरण अथॉरिटी (ढऊअ) ने मदरसा कमेटी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। अब कमेटी ने पीडीए को 100 पन्नों का जवाब दिया है।कमेटी ने अपने जवाब की कॉपी सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट को भी भेजी है। कमेटी का कहना है कि मदरसे में मस्जिद है और इसके लिए ब्रिटिश हुकूमत ने इजाजत दी थी। तब प्रयागराज अथॉरिटी का गठन नहीं हुआ था। कमेटी ने अपना पक्ष रखते हुए जरूरी दस्तावेज भी सबमिट किए हैं। प्रयागराज प्राधिकरण ने नोटिस में कहा था कि 18 सितंबर तक मदरसा कमेटी अपना जवाब दाखिल करे, वरना मदरसा गिरा दिया जाएगा। यह एक्शन 4 सितंबर को लिया था। इससे पहले 27 अगस्त को मदरसे में फेक करेंसी छापते हुए मौलवी समेत 4 आरोपी गिरफ्तार किए गए।

प्राधिकरण के मुताबिक- बिना नक्शा पास कराए, मदरसा की 3 मंजिला इमारत बनाई गई। अब तक 2700 स्क्वायर फीट में अवैध निर्माण भी मिले। यह मदरसा शहर के सबसे पॉश इलाकों में शामिल अतरसुइया में है। एरिया करीब 1.5 बीघा है।कार्रवाई करते हुए पीडीए के विशेष कार्याधिकारी संजीव

**प्रयागराज नकली नोट केस से सीज हुई मस्जिद, कमेटी बोली- ब्रिटिश हुकूमत ने दी थी मंजूरी**




उपाध्याय ने बताया था कि मदरसा कमेटी से पूछा गया था कि निर्माण कैसे और कब-कब कराया गया। मदरसा जामिया हबीबिया मस्जिद-ए-आजम डॉक्टर पांडेय चौराहा के करीब है। रोड से बिल्कुल करीब यह मदरसा शहर के पॉश इलाके में है। कीमत का अंदाजा ऐसे लगा सकते हैं कि मदरसे से सटा 100 वर्ग गज का मकान 1 करोड़ कीमत का है। ऐसे में मदरसे की कीमत करीब 100 करोड़ की है। यहां का पता 140 मदरसा कंपाउंड अतरसुइया है, जिसकी दूरी थाने से दूरी सिर्फ 1 किमी है।

**मस्जिद 300 साल, मदरसा 1940 में बना था :**

मदरसा कमेटी ने अपने जवाब की रिपोर्ट में पुराने नक्शे और अन्य दस्तावेज सबमिट किए हैं। कमेटी ने कहा- मदरसा कैंपस का सभी निर्माण पूरी तरह वैध है। सभी निर्माण विकास प्राधिकरण समेत दूसरे सरकारी विभागों की अनुमति के बाद हुए हैं। मदरसा परिसर में स्थित मस्जिद-ए-आजम 300 साल से ज्यादा पुरानी है। मदरसे की स्थापना 84 साल पहले 1940 में की गई थी।कमेटी ने कहा- उस वक्त निर्माण के लिए ब्रिटिश हुकूमत से मंजूरी ली गई थी। देश की आजादी के बाद 1952 में नगर पालिका परिषद से नक्शा पास कराया गया था। उस वक्त प्रयागराज विकास प्राधिकरण अस्तित्व में नहीं था। विकास प्राधिकरण 1973 में अस्तित्व में आया है। इसके बाद 1981 में विकास प्राधिकरण से भी नगर पालिका के नक्शे को मंजूरी दिलाई गई थी।

**नोट खपाने के चैनल में शामिल कई चेहरे सामने आना बाकी :**

100-100 के नोट में फेक करेंसी छापने वाले मौलवी और उसके 3 साथी इस वक्त जेल में हैं। नोट छापने का नेटवर्क कैसे तैयार हुआ। बाजार में नोट खपाने का चैनल कितने लोगों की मदद से खड़ा हुआ। इसमें और कौन-कौन शामिल हैं। ऐसे सवालों के जवाब जानने के लिए पुलिस चारो आरोपियों की कस्टडी रिमांड लेने की तैयारी कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि कोर्ट में अर्जी दाखिल की जाएगी।

# चौक घंटाघर को भरत चौक करने का सर्व सम्मति से हुआ प्रस्ताव

## तेलिया चौराहे पर बेल्हा देवी का मुख्य गेट बनाने पर बनी सहमति

### डीएम की अध्यक्षता में हुई नगर पालिका बोर्ड की बैठक

**अखंड भारत संदेश**



नगर पालिका बोर्ड की बैठक में बोलते जिलाधिकारी संजीव रंजन व बैठक में मौजूद सभासदगण।

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका बोर्ड की बैठक आज अपरान्ह नगर पालिका के सभागार में जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें पिछली कार्यवाही की पुष्टि के बाद जिलाधिकारी ने हर सभासद को अपनी समस्या बताने को कहा, जिसमें सभासदों की मांग पर तेलिया चैराहे पर बेल्हा देवी मंदिर का भव्य गेट बनाने, चैक घंटाघर का नाम भरत चैक करने, आगामी त्योहारों में गुड्ढा मुक्त सड़कों को ठीक करने, सफाई व प्रकाश व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने पर सहमति बनी।

अजीत नगर की सभासद कुसुम ने कहा कि बेल्हा देवी मंदिर जाने वाले श्रद्धालु तेलिया चैराहा होकर जाते हैं इसलिये बेल्हा देवी मंदिर का भव्य गेट बनाने की आवश्यकता है जिसमें सहमति जताई गई। इसी प्रकार सभासद शिव शंकर मिश्र योगेश सिंह ने चर्चा में प्रमुख रुप से भाग लिया। बैठक में आय-व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया जिस पर सहमति जताई गई। नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्रों में बने मकानों को कराच्छादित करने के प्रस्ताव पर सभासदों ने कहा कि पांच वर्ष बीतने पर कराछान्दन किया जाए। इसके अलावा आगामी त्योहारों में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था व प्रकाश व्यवस्था के लिये खरीदारी करने का भी निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी ने सभी सभासदों से कहा कि वे अपने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं नगर पालिका के ईओ राकेश कुमार को लिखकर दे दें, इसका निस्तारण किया जाएगा। बैठक में ईओ राकेश कुमार ने सभी सभासदों को धन्यवाद दिया। बैठक में ईओ के अलावा जेई नल कल सभापति यादव, आरआई लाल बहादुर सिंह व राजेश बिंद, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, प्रशांत सिंह, अरविन्द, अनिल शुक्ला, महेश तिवारी के अलावा सभी सभासद मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने निकाली प्रभात फेरी

**अखंड भारत संदेश**

### प्रभात फेरी निकाल कर लोगो को किया जागरूक



एनएसएस छात्र-छात्राओं के साथ कालेज प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव।

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत मदनमोहन मालवीय पी.जी. कालेज कालाकाँकर प्रतापगढ़ में 17 सितंबर से 2 अक्तूबर 24 तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत छात्र छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी।

प्रभात फेरी का नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शिवम श्रीवास्तव एवं तीनों इकाईयों के कार्यक्रमाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह, भूपेश प्रताप सिंह एवं डॉ. सृष्टि कुशवाहा ने कहा कि स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र को विकसित करने के प्राथमिक उद्देश्य से की गई थी। सेवा के माध्यम से शिक्षा एनएसएस का उद्देश्य है एनएसएस का वैचारिक अभिविन्यास महात्मा गांधी के आदर्शो से प्रेरित है। प्रभात फेरी राष्ट्रीय सेवा योजनान्तर्गत चयनित ग्राम कालाकाँकर तक निकाली गयी जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा कालाकाँकर ग्राम में स्थित ऐतिहासिक धरोहर प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानन्दन पंत का निवास स्थान नक्षत्र परिसर की साफ सफाई किया। तदुपरान्त प्रभात फेरी महाविद्यालय परिसर पहुँची जहाँ स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर के एक हिस्से में पॉलीथीन मुक्त परिसर अभियान चलाया। जिसमे तीनो ईकाई के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर योगदान किया छात्र छात्राओं के इस योगदान का तीनो ईकाई के कार्यक्रम अधिकारी ने उत्साहवर्धन किया।

## आंगनबाड़ी केंद्र से समरसेबल खोले गए चोर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आंगनबाड़ी केंद्र पर लगे सबमर्सिबल को अज्ञात चोर रात में खोले गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव निवासी संजय सरोज ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि बीती रात आंगनबाड़ी केंद्र के पास लगे समरसेबल को अज्ञात चोर उसे खोले गए। सुबह ग्रामीण उधर गए तो देखा कि समरसेबल का मोटर गायब था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को दी। सूचना मिलने पर मौके पर प्रधान भी पहुंचे और अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# प्रांतीय धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिये आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां हुई रवाना

**अखंड भारत संदेश**



लखनऊ के लिये रवाना होतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां।

**प्रतापगढ़।** लखनऊ में 19 और 20 सितंबर को आयोजित प्रांतीय धरना प्रदर्शन इको गार्डन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती प्रदेश भर से एकजुट हो रही है। आंगनबाड़ी की जिलाध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह ने कहा कि इसमें मुख्य बिंदु आंगनबाड़ी केदो पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से एजुकेटर की भर्ती की जा रही है जिन्हें 10313 रुपए मानदेय दिया जा रहा है।

यह नियुक्त हमारे आंगनबाड़ी बहनों जो की इस पद हेतु पात्रता भी रखती है और ट्रेंड भी हैं उन्हीं के बीच में से किया जाना उचित होगा। पूरे प्रदेश से लाखों की संख्या में इस दो दिवसीय धरने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मिनी प्रतिभा करने के लिए प्रतापगढ़ से एवं पूरे प्रदेश से प्रस्थान कर रहे हैं। जनपद प्रतापगढ़ से कुण्डा स्टेशन से और प्रतापगढ़ जंक्शन स्टेशन से धरने में शामिल होने के लिए प्रस्थान की। जिला अध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह, जिला मंत्री सरलापाल, जिला प्रभारी सुषमा कुरील के नेतृत्व में भारी संख्या में प्रतापगढ़ से धरने में शामिल होने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां रवाना हुईं।

### एसपी ने कई उप निरीक्षकों का किया स्थानांतरण

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने कई निरीक्षक उप-निरीक्षक नागरिक पुलिस का स्थानान्तरण तात्कालिक प्रभाव से किया हैं जिनमें निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह, प्र0नि0 साइबर थाना से प्रभारी निरीक्षक क्राइम ब्रान्च, निरीक्षक गुलाब चन्द्र सोनकर, क्राइम ब्रान्च से प्र0नि0 साइबर थाना, निरीक्षक मो0 इबरार अंसारी, क्राइम ब्रान्च से साइबर थाना, निरीक्षक सुशील कुमार कटियार, क्राइम ब्रान्च से साइबर थाना, निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव, क्राइम ब्रान्च से साइबर थाना, निरीक्षक प्रमोद कुमार, क्राइम ब्रान्च से साइबर थाना, उ0नि0 सुरेन्द्र सिंह, चौ0प्र0 रानीगंज कैथौला थाना लालगंज से साइबर थाना, उ0नि0 एहसानुलहक खां, पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से चौ0प्र0 पूरेघना थाना पट्टी व उ0नि0 विन्ध्यवासिनी तिवारी, पुलिस लाइन प्रतापगढ़ चौ0प्र0 किठावर थाना अंतू शामिल हैं।

# वांछित आरोपियों के घर पुलिस ने कराई मुनादी, चस्पा किया नोटिस

### दुराचार के आरोपी को पुलिस ने दबोचा भेजा जेल

**अखंड भारत संदेश**



आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा करती पुलिस।

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जानलेवा हमले के मुकदमे में वांछित दो आरोपियों के घर पर पुलिस ने ढोल व तासे के साथ मुनादी कराते हुए नोटिस चस्पा किया है। कोतवाली क्षेत्र के बींद मुजाही गांव के रहने वाले संतोष सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह हुआ अरुण सिंह पुत्र तीर्थराज सिंह उर्फ भोला के विरुद्ध दर्ज जानलेवा हमले के मुकदमे में वांछित चल रहे हैं।

मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली के उप निरीक्षक रमिल कुमार, महिला उप निरीक्षक अर्चना, हेड कांस्टेबल मुकेश त्रिपाठी, कांस्टेबल विद चंद्र, हरिकेश पाल अपने अन्य सहकर्मियों के साथ मुकदमे में फरार चल रहे आरोपियों के घर पहुंचे। जहां पुलिस ने ढोल व तासे बजवाने के साथ ही मुनादी कराई। इस दौरान ग्रामीणों की खासी भीड़ जाम नजर आई। उधर फरार चल रहे अपहण वा दुराचार के आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के डड़वा महोखरी गांव निवासी सनी कुमार पुत्र संतलाल के खिलाफ कोतवाली में अपहण दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज था। वह फरार चल रहा था। उप निरीक्षक श्याम सुंदर गिरी मय हमराह क्षेत्र चेकिंग देखभाल के लिए निकले थे। मुखबिर खास ने सूचना दी कि आरोपी गांव में मौजूद है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। और दर्ज मुकदमे के आधार पर उसे जेल भेज दिया।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान विश्वकर्मा पूजनोत्सव

### विश्वकर्मा मंदिर पर हुआ समारोह का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



विश्वकर्मा मंदिर पर मौजूद श्रद्धालुगण।

**जेठवारा, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के नरियावां में स्थित प्राचीन विश्वकर्मा मंदिर पर विश्वकर्मा पूजा समारोह धूमधाम से मनाया गया। लगातार हो रही बरसात के बावजूद श्रृद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा के दरबार में माथा टेका। समिति के पदाधिकारियों तथा सदस्यों को सदस्यता प्रमाणपत्र दिया गया। भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन कार्यक्रम आचार्य हरिओम शास्त्री के द्वारा सम्पन्न हुआ। मुख्य यजमान वरिष्ठ समाजसेवी बुधराम विश्वकर्मा को बनाया गया था।

इस अवसर पर श्री श्री जगन्नाथ मंदिर गोईं प्रतापगढ़ के संस्थापक श्री सेवानिधि गौरांग दास जी ने प्रवचन तथा हरे राम, हरे कृष्ण संकीर्तन भी किया गया। अक्षरधाम मंदिर दिल्ली के सत्संग सभा प्रवक्ता शिवप्रसाद ने प्रवचन भी हुए। कार्यक्रम में राजकुमार विश्वकर्मा कानपुर, शिवकुमार विश्वकर्मा फरीदाबाद, राहुल विश्वकर्मा दिल्ली, रोहन विश्वकर्मा दिल्ली, सुरेश विश्वकर्मा लोचनगढ़, सुभाष विश्वकर्मा रेवती राम, ओम प्रकाश विश्वकर्मा नरियावा, दिनेश विश्वकर्मा राजापुर, रीतेश विश्वकर्मा नरियावां, रवि विश्वकर्मा संसारीपुर, अनिल विश्वकर्मा संसारीपुर, ललित विश्वकर्मा भावनपुर, शिवमूर्ति विश्वकर्मा, लवकुश विश्वकर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त जन सम्मिलित हुए।

अध्यक्ष गिरीश विश्वकर्मा ने सदस्यों को प्रमाणपत्र दिए तथा खराब मौसम के कारण कार्यक्रम में न पहुंच पाने वाले लोगों को प्रतिपदा 2 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम में प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। उपस्थित जन समूह तथा ग्रामवासियों ने भण्डारे में महा प्रसाद ग्रहण किया। अध्यक्ष गिरीश विश्वकर्मा ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में भयहरण नाथ धाम स्थित विश्वकर्मा मंदिर में पूजन अर्चन और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।मंदिर के व्यवस्थापक राम चंद्र विश्वकर्मा द्वारा आयोजित पूजन कार्यक्रम में संरक्षक श्यामलाल विश्वकर्मा हरिकेश विश्वकर्मा प्रकाश चंद विश्वकर्मा बजरंग बहादुर सिंह जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा वेद प्रकाश विश्वकर्मा सुरेश विश्वकर्मा धीरेंद्र विश्वकर्मा विवेक विश्वकर्मा महेश विश्वकर्मा दिव्यांशु विश्वकर्मा प्रदीप कुमार सिंह शैलू बाबा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर वकीलों ने किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील परिसर में बरसात के समय जलभराव तथा एचटी लाइन को अभी तक हटवाये न जाने आदि समस्याओं को लेकर वकीलों ने गुरूवार को विरोध प्रदर्शन किया।

संयुक्त अधिवक्ता संध के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा महामंत्री सूर्यकांत निराला की अगुवाई में वकीलों ने परिसर में नारेबाजी कर विरोध जताया। इसके बाद वकीलों का जत्था नारेबाजी करते एसडीएम कार्यालय पहुंचा। यहां एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया कि थोड़ी सी बरसात में भी तहसील परिसर में पानी के जमाव होने से वादकारियों व अधिवक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वकीलों ने गेट नंबर एक पर वादकारी शेड के ऊपर से गुजर रहे एचटी लाइन को लेकर खतरे के बावजूद विभागीय लापरवाही पर एसडीएम से आक्रोश जताया। वहीं अभी तक सीओ चकबंदी कार्यालय सांगीपुर से तहसील परिसर में संचालित न होने को लेकर भी वकील आक्रोशित दिखे।

एसडीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं के समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया। वहीं तहसील परिसर मे हुई आम सभा में अधिवक्ताओं ने समस्याओं को लेकर न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। इसके कारण तहसील की अदालतों में कामकाज ठप दिखा। सभा का संचालन उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अनिल त्रिपाठी महेश, विपिन शुक्ल, धीरेन्द्र शुक्ला, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र, घनश्याम मिश्र, तपन पाण्डेय, कौशलकिशोर शुक्ल, नामवर सिंह, प्रमोद सिंह, अनिल, हरिश्चंद्र पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे।

# सपाईयों ने मनाई शिवदयाल चौरसिया की पुण्यतिथि

**अखंड भारत संदेश**



स्व0 शिवदयाल के चित्र पर माल्यार्पण करते सपाई।

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश अनुसार पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी विचारों के धनी स्वर्गीय शिवदयाल चैरसिया पूर्व सांसद राज्यसभा की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने बताया कि हर समाज ने समाजवादी विचारों को लेकर समाजवादी पार्टी को मजबूत किया। मौजूदा सरकार आए दिन लोगों के खिलाफ फर्जी मुकदमे और फर्जी एनकाउंटर कर रहे हैं जिसको देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यह देश विरोधी और प्रदेश विरोधी सरकार की काम है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष निसार अहमद, रईस अहमद, अमित यादव, पप्पू यादव, अड्डू चैरसिया, पिंटू प्रजापति, असलम खान, पंडित किरोड़ीमल शर्मा, आदि लोग मौजूद रहे।

## युवती के अपहरण का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती के अपहरण को लेकर गुरूवार को पुलिस को तहरीर दी गयी है। पीडिता के पिता ने दी गई तहरीर में कहा है कि पन्द्रह सितंबर को शाम पांच बजे उसकी इक्कीस वर्षीया पुत्री को एक गांव का आरोपी बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित ने आरोपी के घर पहुंचकर उसके पिता व मां से शिकायत की तो आरोपियो ने उसे गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी। पीडित ने पुत्री के साथ अप्रिय घटना की आशंका जतायी है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### कम्पनी द्वारा वेतन कटौती पर भड़के संविदा विद्युतकर्मी, किया विरोध प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बिजली कम्पनी द्वारा संविदा कर्मचारियों के वेतन कटौती को लेकर गुरूवार को यहां एसडीओ कार्यालय पर कर्मचारियों ने आक्रोश जताया। संविदा पर कार्यरत लाइनमैन तथा हेल्पर कार्मिकों ने एसडीओ कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर वेतन कटौती की वापसी की आवाज बुलन्द की। कर्मचारियों का कहना है कि अधिकांश संविदा कर्मचारियों का स्थानांतरण अलग अलग विद्युत उपकेन्द्रों पर कर दिया गया है। अवर अभियंताओं द्वारा कर्मचारियों का पूरा वेतन लगाने के बावजूद स्थानांतरित कर्मचारियों का साठ से सत्तर प्रतिशत कंपनी द्वारा वेतन काट लिया गया है। विरोध प्रदर्शन में विकास सिंह, राजकुमार तिवारी, मो. साबिर, अहमद अली, नागेश्वर प्रसाद दुबे, विपिन कुमार, सुशील मिश्र, अमित शुक्ल, सुधीर कुमार, दिलीप सिंह आदि रहे।

# पीड़िता पर जानलेवा हमले को लेकर पांच के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर आरोपियो ने पीडिता के साथ घर में घुसकर मारपीट तथा घरेलू सामान मे तोडफोड की घटना को अंजाम दिया।

पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपियो के खिलाफ बलवा समेत गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। लालगंज के सांगीपुर वार्ड नं0 दस निवासी सुशील कुमार सरोज की पत्नी मालती देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दस सितंबर को शाम सात बजे आरोपियो ने उसकी भूमि की तरफ जबरिया खिड़की लगा दिया। मना करने पर आरोपी गांव के सीताराम सरोज के पुत्र राजेश व बृजेश तथा महावीर के पुत्र राजकुमार व मनोज एवं राजेश सरोज के पुत्र अमन ने लाठी डंडे व लोहे की सरिया से उसे घर में घुसकर मारापीटा। आरोपियो ने घर मे ताण्डव करते हुए घरेलू सामान नष्ट कर दिया। शोर मचाने पर गांव के लोग जुटे तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी राजेश समेत पांच के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, तोडफोड तथा बलवा व धमकी समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## भीखमपुर में दो वर्ष में नहीं बन पाई पानी की टंकी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील के विकासखंड पट्टी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भीखमपुर में लाखों रुपए की लागत से पानी की टंकी स्वीकृत कराई गई। पानी की टंकी स्वीकृत होने पर ग्रामीणों में एक आस जगी थी कि अब क्षेत्र के लोगों को पेयजल समस्या से निजात मिल जाएगी, लेकिन ग्रामीणों की आशा निराशा में तब्दील हो गई। निर्माण इकाई द्वारा दो वर्ष से पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन यह निर्माण कार्य कच्छप गति से हो रहा है जिससे क्षेत्र के दर्जनों गांवो के लोगों को पेयजल हेतु भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। पानी के टंकी के निर्माण के नाम पर दो वर्ष बीत गए लेकिन आज तक पानी की टंकी का निर्माण पूरा नहीं हो पाया। जिससे निर्माण इकाई पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। लाखों रुपए स्वीकृत होने के बाद भी पानी की टंकी 2 वर्ष में भी न बन पाने से क्षेत्रीय लोगों में विभाग के प्रति भारी रोष व्याप्त हैं। इतना ही नहीं निर्माण के नाम पर सड़क गड्डों में तब्दील हो गई है। लेकिन 2 वर्ष में भी विभाग ग्रामीणों को स्वच्छ पानी देने में विफल साबित हो रहा है। क्षेत्र के समाजसेवी अभिषेक पांडेय, शिव बहादुर यादव सहित ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या की ओर जल निगम के उच्चाधिकारियों एवं जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए शीघ्र पानी की टंकी बनवाने और जलापूर्ति बहाल कराए जाने की मांग की है।

# निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत कराएं पूर्ण : डीएम

## जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग-731 ए (रामवन-गमन मार्ग) का निरीक्षण कर चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति का लिया जायजा



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-731 ए (रामवन-गमन मार्ग) पैकेज-03 का आकस्मिक निरीक्षण कर चल रहें निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परियोजनान्तर्गत जो हितग्राही अधिग्रहण से प्रभावित क्षेत्र का मौके पर कब्जा नहीं दे रहें हैं, इस तरह के अवरोधों को चिन्हित कर अतिक्रमण हटवाया जाय। ग्राम-मोहम्मदपुर असवॉ में विद्युत ट्रान्समेशन लाइन का कार्य चल रहा है, जिस पर गॉव के स्थानीय निवासी कुछ जगहों पर अवैध रूप से कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहें हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी अवैध अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित विद्युत टावर स्थल पर ऐसा कोई निर्माण कार्य न किया जाय, जिससे कार्यदायी संस्था के कार्यों में कोई अवरोध उत्पन्न हों। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम-मोहम्मदपुर असवॉ में निमार्णाधीन फ्लाईओवर, माइनर पुल एवं अण्डरपॉस का भी निरीक्षण किया गया। उन्हांने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लेवर/मशीनरी की संख्या बढ़ाकर कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराया जाय। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लो.नि.वि. प्रयागराज रवीन्द्र पाल सिंह, सहायक अभियंता राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लो.नि.वि. प्रयागराज नितिन कुमार एवं उप जिलाधिकारी राहुल देव भट्ट सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 15 दिन के अन्दर हैण्डओवर कराना सुनिश्चित करें मेडिकल कॉलेज : जिलाधिकारी



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कार्यालय कक्ष में राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड प्रथम एवं लोक निर्माण विभाग प्रयागराज के अधिकारियों के साथ मेडिकल कॉलेज की तैयारियों एवं हैण्डओवर किये जाने के सम्बन्ध में गुरुवार को बैठक की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज में सभी तैयारिया पूर्ण कराकर 15 दिन के अन्दर हैण्डओवर कराना सुनिश्चित करें।

## जंगली जानवर के हमले से घायल हुआ युवक, ग्रामीण कर रहे कांबिंग

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर गांव के कुरेहटा मोहल्ले का रहने वाला युवक मलखान यादव 22 साल पुत्र रामनारायण यादव गुरुवार की रात करीब नौ बजे खेत से वापस घर की तरफ आ रहा था। उसी समय मोहल्ले से करीब दो सौ मीटर दूर मठातीर के पास एक जंगली जानवर ने युवक पर हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से युवक हड़बड़ा गया और पास में रखे रस्सी को पकड़कर घुमाकर जंगली जानवर को दूर से भगाने लगा । इसके साथ ही बचाव के लिए ग्रामीणों को आवाज भी देने लगा। युवक के बचाने की आवाज सुनकर कई ग्रामीण उस ओर दौड़ पड़े। ग्रामीणों की शोरगुल और टार्च की लाइट देखकर कर हमलावर जानवर वहां से भाग खड़ा हुआ। जानवर के हमले से उसके पंजों के निशान उसके पेट पर आए हैं। फिलहाल ग्रामीण रात के अंधेरे में जंगली जानवर की खोजबीन में लगे हुए है। ग्रामीणों कि सूचना पर मौके पर पहुंचे वन विभाग सिराथू रेंजर अपने हमराहियों के साथ ग्रामीण उस जानवर को करौंच्छा नामक जानवर बता रहे है। जो आदमियों पर मौका पाकर हमला कर देता है।




## कंपोजिट विद्यालय परसरा में सफाई अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक कर चलाया सफाई अभियान

### डेयरी मिल्क चॉकलेट की जगह डुप्लीकेट चाकलेट डेली मिल्क बांट गई नगर पालिका अध्यक्ष

**भरवारी कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय परसरा में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कविता पासी साथ में अधिशाषी अधिकारी राम सिंह एवम अपनी सारी टीम के साथ उक्त विद्यालय में सफाई अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एक कार्यक्रम आयोजित किया गाया जिसमे नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा काफी अच्छा कार्यक्रम हुआ लोगो ने कार्यक्रम को देख कर सराहना की और प्रसन्नता भी जाहिर की 'इस बीच स्कूल के सैकड़ो बच्चो के साथ अध्यक्ष कविता पासी ने बैठ कर कार्यक्रम का आनंद भी उठाया 'इस बीच एक चर्चा जोरों पर चलती रहीं वह यह कि अध्यक्ष द्धारा बच्चो में जो चॉकलेट बाटी गई वह कंपनी की जगह डेयरी मिल्क की जगह डुप्लीकेट डेरी मिल्क बाटी गई जिससे लोगों में आक्रोश ब्यापत हैं इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य रविन्द्र मिश्रा नीतू सक्सेना सरिता चौधरी धीरज सिंह यादव लवकुश गुप्ता ज्योति पांडे जिम्मी करवरिया सुचित्रा नैना त्रिपाठी के आलावा बबलू गौतम एवम नगर पालिका परिषद के कर्मचारी मौजूद थे अंत में रविन्द्र मिश्रा ने अध्यक्ष कविता पासी एवम अधिशासी अधिकारी राम सिंह का स्वागत किया।

# सिंचाई कर्मचारी सहित दो लोगों को हत्या में आजीवन कारावास की सजा

**14 वर्षो पूर्व कोटेदार की हत्या कर खेत में फेंक दी गई थी नग्न लाश**

**कौशाम्बी** 14 वर्षों पूर्व महेवा घाट थाना क्षेत्र के हिनौता खेत में मिली युवक की नग्न लावारिस लाश की हत्या के मामले में सुनवाई के दौरान अदालत ने सिंचाई विभाग के कर्मचारी समेत दो लोगों को हत्या का दोषी पाया है दोनों दोषी को आजीवन कारावास की सजा और पांच पांच हजार के अर्थ दंड से अदालत ने दंडित किया है हत्या के दोनों दोषियों को अन्य धाराओं में तीन-तीन माह की सजा और दो दो हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया है हत्या के दोषियों को दंड दिलाने के लिए कौशांबी पुलिस ने अदालत में पैरवी की है घटनाक्रम में बताते चलें कि फतेहपुर जनपद के धाता थाना क्षेत्र के रामपुरवा निवासी कोटेदार दलित राम कृपाल उर्फ जुल्ला बाबा की हत्या करने के बाद महेवा घाट थाना क्षेत्र के शाहपुर माइनर हिनौता के पास खेत में 19 जुलाई 2010 को एक नग्न लाश फेक दी गयी थी शरीर में गहरे जख्म के निशान थे और गुप्तांग धागा से बंधा था लाश नग्न थी जिसकी शिनाख्त दलित रामकृपाल उर्फ जुल्ला बाबा कोटेदार के रूप में हुई थी हत्या के मामले में गांव के रामकृपाल सिंह कुर्मी सींचपाल अधिकारी वा जितेंद्र सिंह वा प्रमुख सिंह वा अंशु सिंह उर्फ दरोगा किशोर के विरुद्ध हत्या का मुकदमा महेवाघाट थाना में दर्ज हुआ था मुकदमा सुनवाई के दौरान रामकृपाल सिंह कुर्मी सींचपाल अधिकारी की मौत हो गई है और अंशु सिंह उर्फ दरोगा किशोर का मुकदमा किशोर होने के चलते किशोर न्यायालय भेज दिया गया मुकदमे की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने आरोपियों पर उदार दृष्टिकोण अपनाने की अपील की सरकारी वकील पंकज सोनकर और धर्मेंद्र मौर्य ने अभियुक्त को कड़ी से कड़ी सजा देने की सिफारिश की दोनों पक्षों की बहस और जिरह सुनने के बाद अदालत ने जितेंद्र सिंह और प्रमुख सिंह को दलित रामकृपाल उर्फ जुल्ला बाबा कोटेदार की हत्या का दोषी पाया और हत्या के दोनों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया हत्या के दोषियों को अदालत ने पांच पांच हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है और अन्य धाराओं में तीन-तीन माह की सजा और दो दो हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है।

# कल्याण मण्डप के कार्य को दीवाली से पहले पूर्ण कराकर करें हैण्डओवर : जिलाधिकारी

### निर्माण कार्य में धीमी प्रगति पाये जाने पर प्रोजेक्ट मैनेजर को कड़ी फटकार, तेजी से पूर्ण कराने के दिये निर्देश



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने गुरुवार को नगर पंचायत-चरवा में निर्मित हो रहे कल्याण मण्डप का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलधिकारी ने बाउण्ड्रीवाल के निर्माण कार्य को नगर पंचायत चरवा व राजस्व प्रशासन द्वारा समन्वय स्थापित करते हुये बाउण्ड्रीवाल के कार्य को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने शेष कार्य जो आगणन में नहीं है जैसे-मिट्टी भराई एवं बढ़ी हुई बाउण्ड्री अधिशासी अधिकारी चरवा को तत्काल अपने स्तर से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने अधिकारियों सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कल्याण मण्डप के कार्य को दीवाली के पूर्व पूर्ण कराकर हैण्डओवर कर दिया जय। उन्होंने ठेकेदार एवं सीएनडीएस के प्रोजेक्ट मैनेजर को कई टीमें लगाकर कार्य को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में धीमी प्रगति पाये जाने पर प्रोजेक्ट मैनेजर को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने नगर पंचायत चरवा के अधिशासी अधिकारी श्री सुभाष चन्द्र सिंह को प्रोजेक्ट मैनेजर से समन्वय स्थापित कर अपने निर्देशन में कार्य को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देशित दियें निरीक्षण में मौके पर पहुँची आमजन-मानस द्वारा की गयी शिकायत को भी जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी सुभाष चन्द्र सिंह को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने को निर्देश दिये।

# 7 घंटे तक अस्पताल में तड़पता रहा घायल इलाज न मिलने से हुई मौत

### जनपद मुख्यालय मंझनपुर के एक निजी नर्सिंग होम के चिकित्सकों का घिनौना चेहरा फिर उजागर

**कौशाम्बी** नगर पंचायत अझुवा में टाइल्स मार्बल लगाने वाला मिस्त्री गुरुवार की दोपहर को नगर पंचायत से वापस साइकिल से अपने घर भरेठा जा रहा था जैसे ही नगर पंचायत अझुवा के टांडा मोड़ के पास वह पहुंचा तेज रफ्तार प्राइवेट बस चालक ने साइकिल सवार मार्बल मिस्त्री को टक्कर मार दिया जिससे मार्बल मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया लहू लुहान हालत में मार्बल मिस्त्री सड़क पर गिर पड़ा मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस एंबुलेंस के साथ घायल मिस्त्री के परिवार को दी गई जानकारी मिलने के बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे घायल को मंझनपुर के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया लेकिन 7 घंटे तक चिकित्सकों ने ना तो मरीज को अस्पताल से बाहर भेजा और ना ही मरीज का इलाज किया जिससे चिकित्सकों के लापरवाही के चलते घायल मार्बल मिस्त्री की तड़प तड़प कर निजी नर्सिंग होम में दर्दनाक मौत हो गई है कि मौत के बाद एक बार फिर निजी नर्सिंग होम के चिकित्सकों का घिनौना चेहरा उजागर हुआ है मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सवाल उठता है कि निजी अस्पताल में घायल का इलाज न करने वाले चिकित्सकों पर क्या मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्रवाई करेंगे या फिर इसी तरह निजी नर्सिंग होम की तानाशाही चलती रहेगी सूत्रों को माने तो लाइफ केयर अस्पताल मंझनपुर में मरीज को परिवार के लोग ले गए थे और लाइफ केयर अस्पताल के डॉक्टर सरकारी अस्पताल में संविदा पर तैनात थे वहां भी यह ड्यूटी नहीं देते थे हालांकि चर्चा है कि यह सरकारी अस्पताल छोड़ चुके हैं एनजीटी के नियमों के विपरीत जिला अस्पताल के पास यह अस्पताल संचालित हो रहा है जबकि जिला अस्पताल के पास अस्पताल संचालित करने पर रोक लगाई गई है जानकारी के मुताबिक मोहित यादव पुत्र देशराज यादव निवासी भरेठा बाग अटसरई अझुवा कोतवाली सैनी नगर पंचायत में मार्बल टाइल्स लगाने के लिए गुरुवार की सुबह नगर पंचायत अझुवा गया था दोपहर बाद काम खत्म कर वह साइकिल से अपने घर लौट रहा था जैसे ही वह अझुवा कस्बे के टांडा मोड़ के पास पहुंचा तेज रफ्तार प्राइवेट बस चालक ने साइकिल सवार मार्बल मिस्त्री को टक्कर मार दिया जिससे मार्बल मिस्त्री घायल हो गया घायल होने के बाद परिवार के लोगों ने मिस्त्री को इलाज के लिए मंझनपुर के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया है लेकिन चिकित्सक निजी नर्सिंग होम में मौजूद नहीं थे स्वास्थ्य कर्मियों ने घायल का इलाज नहीं किया बल्कि डॉक्टर को बुलाने की बात करते रहे 7 घंटे तक घायल अस्पताल में तड़पता रहा जिससे इलाज न मिलने के चलते घायल का निजी नर्सिंग होम में मौत हो गई बहुत के बाद परिवार में कोहराम मच गया परिजनों ने नर्सिंग होम के चिकित्सक और संचालकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं मिस्त्री की मौत के बाद अस्पताल संचालक पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर कब तक निजी नर्सिंग होम में चिकित्सकों की तानाशाही चलती रहेगी और मरीज की बेवजह मौत होती रहेगी।

# सूचना देने में पक्षपात करने वाले सूचना अधिकारी से निष्पक्ष खबर की उम्मीद कैसे

### सूचना विभाग के कुछ संविदा कर्मचारियों के सलाह मसबीरा पर चलने वाले सूचना अधिकारी कैसे निष्पक्ष तरीके से विभाग का संचालन कर पाएंगे

### भारतीय पत्रकार संघ सहित कई संगठनों ने सूचना अधिकारी के कार्यों की निंदा की है

**कौशांबी।** सूचना कार्यालय हमेशा सवालों के घेरे में रहता है सूचना अधिकारी डीएम के अगल-बगल बैठने के बाद सूचना अधिकारी बेलगाम हो गए हैं और पक्षपात करने लगे हैं अपने को कमिश्नर डीएम से वह कम नहीं समझते हैं मनमानी करने से बाज नहीं आते हैं। कुछ खास लोगों से उनके ज्यादा रिश्ते होते हैं और कुछ लोगों को वह अपेक्षित करते हैं आखिर पक्षपात करने वाले सूचना अधिकारी से निष्पक्ष खबर की उम्मीद कैसे लगाई जाएगी कैसे जिले के अधिकारियों की बैठक शासन की योजनाओं की सूचनाओं को आम जनता को निष्पक्ष तरीके से यह कैसे पहुचाएंगे जब उन्हें पक्षपात करने की आदत सवार है ताजा मामला 19 सितंबर को जिला अधिकारी से पत्रकारों की मुलाकात का है जिले की स्थितियों पर चर्चा के लिए जिला अधिकारी ने सूचना अधिकारी को पत्रकारों को आमंत्रित करने के लिए निर्देशित किया लेकिन जिला अधिकारी के निर्देश पर भी सूचना अधिकारी पारदर्शी तरीके से पत्रकारों को सूचना नहीं दे सके हैं कुछ पत्रकारों को समय से पहले सूचना दे दिया गया तो कुछ पत्रकारों को मीटिंग होने के 10 मिनट पहले सूचना दिया गया जिससे तमाम पत्रकार जिला अधिकारी की मीटिंग में नहीं पहुंच सकें हैं इतना ही नहीं तमाम पत्रकारों को सूचना अधिकारी ने जिला अधिकारी की बैठक की सूचना ही नहीं दी है जिस पर भारतीय पत्रकार संघ सहित कई संगठनों ने सूचना अधिकारी के कार्यों की निंदा की है आखिर पत्रकारों के साथ सूचना अधिकारी भेदभाव क्यों कर रहे हैं इसके पीछे इनकी मनसा क्या है कैसे निष्पक्ष तरीके से शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार इनके द्वारा होगा उनके कार्यों पर सवाल खड़े हो गए हैं सूचना विभाग के कुछ संविदा कर्मचारियों के सलाह मसबीरा पर चलने वाले सूचना अधिकारी कैसे निष्पक्ष तरीके से विभाग का संचालन कर पाएंगे डीएम की बैठक की सूचनाओं को कैसे वह पारदर्शी तरीके से पत्रकारों तक पहुंचाएंगे उनके कार्यों पर सवाल खड़े हैं बैठक की खबर में विभागीय अधिकारियों का नाम डालने के बाद उनसे सूचना कार्यालय के लोग वसूली करने लगे हैं आखिर सूचना अधिकारी की यह वसूली कब बंद होगी हालांकि डीएम की बैठक में तमाम पत्रकारों ने सूचना अधिकारी के पक्षपात पूर्ण रवैया की चर्चा की जिस पर जिलाधिकारी ने सूचना अधिकारी को कड़े निर्देश जारी किए हैं सूचना अधिकारी अपने कार्यशैली में आगे सुधार करते हैं या पक्षपात पूर्ण उनका रवैया जारी रहेगा यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

# डीएम ने माह अक्टूबर में निपुण विद्यालयों की संख्या बढ़ाने के दिये निर्देश



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में निपुण भारत मिशन की समीक्षा बैठक की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी एकेडमिक मेंटर, डायट मेंटर, एसआरजी एवं एआरपी द्वारा किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की समीक्षा के दौरान माह अक्टूबर 2024 में जनपद के 161 विद्यालयों के निपुण आंकलन करने की संख्या को बढ़ाने के निर्देश दियें। उन्हांने कहा कि ज्यादा से ज्यादा आंकलन किये जाय, जिससे बच्चे निपुण बनें। उन्होंने कहा कि आप सब लोग मिलकर अपने जनपद को निपुण बनायें। इसके लिए सम्बन्धितों के साथ बैठक कर कार्ययोजना एवं रणनीति बनाकर कार्य किया जाय, जिससे हम अपने ब्लॉक एवं जनपद को निपुण बना सकें। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को जागरूक किया जाय, कि वे अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। उन्होंने कहा कि खण्ड शिक्षाधिकारी विद्यालयों का भ्रमण करते रहें, विशेषकर सर्वप्रथम संघर्षशील वाले विद्यालयों का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों एवं डायट प्रवक्ता मेन्टर को निर्देशित किया कि विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। उन्होंने कहा कि संघर्षशील विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए पायी गई कमियों को दूर करने के लिए आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान रजिस्टर डिजिटल मेनटेन न पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह पैरेन्ट्स मीटिंग बुलाई जाय,जिसमें खण्ड शिक्षाधिकारी उपस्थित रहकर अभिभावकों को जागरूक करें कि वे अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें। इसके साथ ही उन्होने कहा कि जिन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास संचालित है, यह सुनिश्चित किया जाय कि स्मार्ट क्लास क्रियाशील रहें। अध्यापक टैबलेट का उपयोग करें एवं दीक्षा ऐप को भी ओपेन करें बैठक में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव एवं डायट प्राचार्य सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### मनौरी श्री राम लीला समिति की बैठक सकुशल संपन्न

#### पूर्व की भांति कुबेर चंद्र केसरवानी अध्यक्ष, उमेश कुमार केसरवानी प्रबंधक, प्रदीप कुमार कोषाध्यक्ष बने रहेंगे



**मनौरी कौशाम्बी** श्री राम लीला समिति मनौरी की बैठक 19 सितम्बर को मनौरी बाजार में संपन्न हुई जिसमे नगर के संभ्रांत नागरिकों की उपस्थिति में कुबेर चंद्र को फिर से अध्यक्ष, उमेश कुमार को फिर प्रबंधक,प्रदीप कुमार को फिर कोषाध्यक्ष चुना गया और पूर्व के जितने भी पदाधिकारी है सभी अपने पद पर बने रहेंगे बैठक में पिछले साल संपन्न हुए मेले के आय व्यय की जांच किया गया,। इस वर्ष मनौरी में श्री राम लीला का मंचन 3 अक्टूबर से शुरू होगा और दशहरा 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक यानि तीन दिन मनौरी का दशहरा मेला मनाया जायेगा कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि सभी रोशनी चौकियां शाम 8 बजे उठाई जायेगी और पूरे नगर में भ्रमण करेंगी दशहरे के दूसरे दिन यानि 13 अक्टूबर को शाम 7 बजे राम दल और बाबा खाटू श्याम की रथ यात्रा निकाली जाएगी बैठक में मुख्य रूप से शम्भू लाल केसरवानी,राधेश्याम केसरवानी,सुधीर कुमार केसरवानी,मनोज कुमार केशरवानी उर्फ पटेल जी, रतन कुमार,प्रदीप कुमार,कुबेर चंद्र,उमेश कुमार उर्फ दीपू,धीरेंद्र कुमार, अवधेश कुमार, भारत लाल,गिरीश चंद्र, मन्ना लाल ,संजीव कुमार सुनील साहू,बलराम साहू,जवाहर लाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे

### भवंस मेहता महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान पर निकाली गई जागरूकता रैली




**भरवारी कौशाम्बी** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा है अभियान पर एक जागरूकता रैली निकाली गई।इस रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव ने किया।उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की पहल स्वच्छता ही सेवा का उद्देश्य अधिकाधिक जन भागीदारी उत्पन्न करना, स्वच्छता हर किसी का दायित्व है की अवधारणा को सुदृढ़ करना तथा राष्ट्रव्यापी अभियान के साथ महात्मा गांधी की 150वीं जयंती समारोह का समापन करना है।उन्होंने आगे बच्चों को बताया कि इस एक पखवाड़े में देश की स्वच्छता से संबंधित विविध कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमे आपकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।इसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम डॉ० धर्मेन्द्र कुमार अग्रहरी ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान के अंतर्गत देश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए कार्यक्रम का केवल हिस्सा नही बनना है अपितु इस अभियान के अंतर्गत अपने आस पास के लोगों को भी स्वच्छता हेतु हमे प्रेरित करना है।इस अवसर पर प्रो०विवेक कुमार त्रिपाठी ,प्रो० अरुण कुमार सिंह,प्रो० विमलेश कुमार सिंह यादव,डॉ० चुम्मन प्रसाद,डॉ० राहुल राय दीपक आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व सैनिकों की समस्याओं को गुणवत्ता पूर्ण समयान्तर्गत करें निस्तारित : डीएम



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी मधुशूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में सैनिक बंधु की बैठक आयोजित की गई बैठक में जिलाधिकारी ने भारतीय सेना से सेवानिवृत्त फौजियों की समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना, जिसमे जमीनी विवाद, पुलिस सुरक्षा, ऋण भुगतान, चिकित्सा समस्या, आर्थिक अनुदान, शस्त्र संबंधी समस्या एवं सैनिकों की अन्य शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। उन्होंने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश। जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों की प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण/समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सैनिक बंधु की बैठक में कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से कुछ शिकायतें शस्त्र लाइसेंस, कुछ जमीनी विवाद एवं कुछ पैसे लेनदेन की थी, जिन्हें निस्तारण करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने पूर्व सैनिकों को अश्वासन दिया की आप लोगों की हर प्रकार से मदद किया जायेंगा।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार गोंड़, पूर्व सैनिक कल्याण पुनर्वास कार्यालय अधिकारी कर्नल अमित सिंह, पूर्व सैनिक महेंद्र सिंह, मदन सिंह दशरथ लाल करवरिया,शारदा प्रसाद वर्मा, जय नारायण मिश्रा, संजीव कुमार चौरसिया, भैयालाल यादव, मनोज कुमार सिंह, उद्धव श्याम केसरवानी, मनोज कुमार चौरसिया, अवधेश कुमार मिश्रा, कृष्ण चंद गुप्ता, राजमन पाल, अजय कुमार त्रिपाठी एवं राम चरन पाल अन्य सैनिकगण उपस्थित रहें।

### बस डिपो भरवारी का नवम्बर तक पूर्ण करे निर्माण : जिलाधिकारी



**भरवारी कौशाम्बी** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने गुरुवार को बस डिपो भरवारी का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि परियोजना की अन्तिम किश्त परिवहन विभाग से प्राप्त नहीं हुयी है, जिससे कार्य विलम्ब हो रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक रोडवेज को उपभोग प्रमाण पत्र की प्रति उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्हांने कहा कि शासन स्तर पर समन्वय स्थापित करके धनराशि को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें एवं परियोजना पर अधिक लेबर लगाकर कार्य को माह-नवम्बर 2024 तक पूर्ण करायें।

## सम्पादकीय

### अनुच्छेद 370 को भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा खत्म करने के बाद का यह पहला चुनाव

**90 सदस्यीय** जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव का महत्व इतना ही नहीं है कि यहां पूरे 10 वर्षों के बाद चुनाव हो रहे हैं। इसे विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा खत्म करने के बाद का यह पहला चुनाव भी है। यहां की कश्मीर घाटी में 47 तथा जम्मू सम्भाग में 43 सीटें हैं। इनमें से 24 सीटों पर पहले चरण में बुधवार को मतदान हुआ। बाकी सीटों पर 25 सितम्बर तथा 1 अक्टूबर को होगा। नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे। 9 सीटें अनुसूचित जातियों तथा 7 सीटें अनु. जनजातियों के लिये आरक्षित हैं। केन्द्र सरकार तथा सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी दावा करती रही है कि 370 के हटने से इस राज्य में शांति कायम हुई है और देश की अखंडता मजबूत हुई है। दूसरी ओर विपक्षी दलों के अनुसार लोगों में विशेष राज्य का दर्जा हटाने से बेहद आक्रोश है। यह चुनाव एक तरह से भाजपा की इस राज्य के प्रति तथा अल्पसंख्यकों को लेकर जो नीति है, उस पर भी सहमति या असहमति की मुहर लगायेगा। इस मायने में यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।

यहां कांग्रेस फारुख व उमर अब्दुल्ला की नेशनल कांफ्रेंस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। महबूबा मुफ्ती की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने हाथ नहीं मिलाया है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर वह इंडिया गठबन्धन का हिस्सा है। स्थानीय राजनीति की जरूरतों के मुताबिक एनसी एवं पीडीपी ने समझौता तो नहीं किया है लेकिन समझा जाता है कि यदि सरकार बनाने के लिये आवश्यकता पड़ी तो उसका बाहरी समर्थन कांग्रेस-एनसी को मिल सकता है। कयास इसलिये लगाये जा रहे हैं क्योंकि वहां भाजपा की हालत पतली बताई जाती है। चुनाव भी वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण करा रही है। भाजपा से जनता की नाराजगी की अनेक वजहें हैं। प्रमुख है अनुच्छेद 370 का हटाया जाना। यह आक्रोश केवल मुस्लिम बहुल कश्मीर घाटी में नहीं, बल्कि हिन्दू बहुल जम्मू में भी है। अनेक आंतरिक समस्याओं के बाद भी कश्मीर व जम्मू परस्पर आश्रित रहे हैं। विशेषकर, पर्यटन, धार्मिक यात्राओं तथा व्यवसाय के मामलों में। 370 की समाप्ति से दोनों के बीच जो अलगाव पैदा हुआ वह दोनों हिस्सों के लिये नुकसानदेह रहा है।

कश्मीरी पंडितों की वापसी यहां एक प्रमुख मसला रहा है। 90 के दशक में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी गुटों द्वारा हिन्दुओं के खिलाफ हुए अत्याचारों के कारण यहां से बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित घाटी छोड़ गये थे। उन्हें शरणार्थी शिविरों में दिल्ली समेत कुछ शहरों में बसाया गया था। जब तक भाजपा विपक्ष में थी, उसने इस मुद्दे पर बहुत शोर मचाया था तथा इसके जरिये ध्रुवीकरण किया था। भाजपा का दावा था कि केन्द्र के प्रशासक की नियुक्ति होने से इन पंडितों की घाटी में वापसी का मार्ग खुलेगा। यह सच है कि कुछ हिन्दू लौटे भी परन्तु फिर से हुई आतंकी घटनाओं ने उन्हें डरा दिया और वे वापस मैदानों में उतर आये।

# आतंक का एक खतरनाक चेहरा

– सर्वमित्रा सुरजन

**इस विज्ञान** के कारण आज दुनिया किस तरह मुठ्ठी में समाई हुई है, यह सभी जानते हैं। अमूमन सभी के हाथों में मोबाइल है। मोबाइल से पहले पेजर का इस्तेमाल बहुतायत में होता था। इसके जरिए लिखित या मौखिक संदेश भेजे जाते थे। बेरुत के हमले में इसी पेजर को माध्यम बनाया गया है। दरअसल हिज्बुल्लाह अपने लड़ाकों को सुरक्षा कारणों से पेजर इस्तेमाल करने के लिए कहता रहा है।

विश्व की भयावह आतंकी घटनाओं की साक्षी बनी तारीखों में अब एक तारीख 17 सितंबर 2024 भी दर्ज हो गई है। लेबनान की राजधानी बेरुत में मंगलवार, 17 सितंबर को सिलसिलेवार पेजर धमाके हुए, जिसमें नौ लोगों की मौत करीब 2800 लोगों के घायल होने की खबर है। मृतकों में दो व्यक्ति हिज्बुल्लाह के दो सांसदों के बेटे हैं। वहीं घायलों में लेबनान में ईरानी राजदूत मुजतबा अमानी भी शामिल हैं। इस हमले में मौतों का आंकड़ा अतीत की आतंकी घटनाओं से भले कम दिखे, लेकिन इसे भयावहतम घटनाओं में इसलिए रखा जा सकता है क्योंकि जिस तरीके से इसमें आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल हुआ है, उस बारे में आम इंसान सोच भी नहीं सकता। 11 सितंबर 2001 को जब न्यूयार्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में सीधे दो-दो हवाई जहाज टकरा दिए गए थे, या 2006 में मुंबई की लोकल ट्रेनों में धमाके हुए थे, या 2016 में फ्रांस में बैस्टिल डे का जश्न मना रहे लोगों को 19 टन का मालवाहक ट्रक रौंदते हुए चला गया, या 26 नवंबर, 2008 को मुंबई को चार दिनों तक बंधक बना कर आतंकी हमला हुआ, तब भी लोगों को एकबारगी यकीन नहीं आया था कि आतंकवाद का सामना इस तरह से करना पड़ेगा। आतंकवादी इसी रणनीति पर चलते हैं कि कुछ ऐसा करें, जिनसे आम लोग न केवल दहशत में आ जाएं, बल्कि उनका इंसानियत पर से भरोसा ही उठ जाए। ऊपर उल्लिखित तमाम हमलों में बंदूक, बम, बारुद का इस्तेमाल हुआ है, लेकिन बेरूत में हुआ हमला इन सबसे भयानक इसलिए कहा जा सकता है कि क्योंकि रोजमर्रा में सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए बनाए गए पेजर को हैक करके लोगों को मारा गया, घायल किया गया। कुछ बरस पहले स्कूलों में निबंध का एक अहम विषय हुआ करता था, विज्ञान अभिशाप है या वरदान। जिसमें विद्यार्थी अक्सर हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए अणु बम का उल्लेख करके इस निष्कर्ष पर पहुंचते थे कि अगर हिंसा के लिए विज्ञान का इस्तेमाल किया जाए तो वह अभिशाप बन जाता है। मेरा ख्याल है विज्ञान को अभिशाप बताने की जगह इंसान की नीयत पर विचार करने पर जोर दिया जाना चाहिए। ज्ञान और इंसानियत के विकास का गहरा संबंध है। जब मनुष्य गुफाओं और जंगलों में रहता था, तब दो पत्थरों को रगड़कर उसने आग जलाना सीखा और उन्हीं पत्थरों को नुकीला बनाकर शिकार करने के लिए भी इस्तेमाल किया। लेकिन तब यह सवाल करना बेमानी था कि पत्थर वरदान या है अभिशाप। क्योंकि पत्थर ने आग जलाकर या शिकार करके, दोनों तरीकों से इंसान की मदद ही की। अब अगर इंसान उसी पत्थर का इस्तेमाल दूसरे इंसान को मारने के लिए करे, तो इसमें पत्थर पर नहीं, नीयत पर सवाल उठने चाहिए। आदिम काल में जो उपयोगिता पत्थर की थी, अब विज्ञान की है।

इस विज्ञान के कारण आज दुनिया किस तरह मुठ्ठी में समाई हुई है, यह सभी जानते हैं। अमूमन सभी के हाथों में मोबाइल है। मोबाइल से पहले पेजर का इस्तेमाल बहुतायत में होता था। इसके जरिए लिखित या मौखिक संदेश भेजे जाते थे। बेरुत के हमले में इसी पेजर को माध्यम बनाया गया है। दरअसल हिज्बुल्लाह अपने लड़ाकों को सुरक्षा कारणों से पेजर इस्तेमाल करने के लिए कहता रहा है, क्योंकि मोबाइल के जरिए किसी की लोकेशन का पता करने या मोबाइल हैक करके सारा डेटा चुराने में वक्त नहीं लगता। मोबाइल में विस्फोटक डालकर हत्या भी हो चुकी है। 1996 में हमास नेता याहया अयाश के फोन में 15 ग्राम आरडीएक्स विस्फोटक भरा गया था और जब याहया ने अपने पिता को फोन किया, उसी समय उसमें विस्फोट हो गया



था। इस हत्या के पीछे इजरायल का हाथ था। अब एक बार फिर पेजर के जरिए हुए धमाकों के लिए भी इजरायल को ही जिम्मेदार माना जा रहा है, क्योंकि हिज्बुल्लाह लगातार इजरायल की उत्तरी सीमा पर रॉकेट और मिसाइल के हमले कर रहा है। हिज्बुल्लाह ईरान का सहयोगी है और ईरान की इजरायल के साथ दुश्मनी जाहिर है। हालांकि इजरायल ने अब तक इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है। लेकिन पेजर के जरिए विस्फोट करने का काम मोसाद जैसी अत्याधुनिक तकनीकी से लैस एजेंसी ही कर सकती है, ऐसा माना जा रहा है।

पेजर से विस्फोट को अंजाम कैसे दिया गया, इस बारे में अब कई किस्म के अनुमान लगाए जा रहे हैं। कुछ जानकारों का कहना है कि पेजर को हैक करके उसकी बैटरी को बेहद गर्म कर दिया गया हो, जिस वजह से धमाका हुआ हो, वहीं कुछ का मानना है कि जब पेजर खरीदे गए हों, तभी उनमें किसी तरह की गड़बड़ी कर दी गई हो ताकि बाद में एक साथ धमाका हो। खबर है कि कुछ महीने पहले हिज्बुल्लाह ने ताइवान में बने 5000 पेजर के ऑर्डर दिए थे, जानकार मानते हैं कि मोसाद ने उसी समय इन पेजरों में विस्फोटक डाला होगा। अनुमान है कि इसमें लिथियम ऑयन बैटरी के साथ एक छोटा विस्फोटक छिपाया गया, जिसे बस एक संदेश के जरिये विस्फोट कराया गया। बड़ी खतरनाक और चिंताजनक बात है कि हमला किस तरह हुआ, इसी का पता नहीं लग पा रहा है और जब तरीका पता न चले तो भविष्य में उसकी रोकथाम के इंतजाम किस तरह होंगे। इससे पहले रेडियो, घड़ी, टीवी, मोबाइल जैसी किसे भी उपकरण से हमला किया गया तो उसमें बनाने के दौरान ही गड़बड़ी कर दी गई। इसके अलावा कंप्यूटर या मोबाइल के सॉफ्टवेयर को हैक करके आक्रमण हुए। लेकिन हार्डवेयर यानी पेजर जैसे उपकरणों की सप्लाई चेन पर अगर हमला हुआ है तो इसका मतलब है कि अब आतंकवाद कुछ और गंभीर स्तर पर पहुंच गया है। इजरायल इस हमले की जिम्मेदारी भले न ले, लेकिन दुनिया की तमाम खुफिया एजेंसियां और सरकारें जानती हैं कि मोसाद किस तरह आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल करता है। हाल ही में हमास के चीफ इस्माइल हानिया की ईरान की राजधानी तेहरान में हत्या हुई थी। तेहरान से 15 सौ किमी दूर इजरायल के एक अनजान ठिकाने से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और सेटेलाइट इमेज के जरिए मोसाद ने इस हत्या को अंजाम दिया था।

इजरायल किसी भी तरह हमास के खात्मे में लगा है और इसके लिए अपनी हर हरकत को जायज ठहराता है। गजा में जो नरसंहार उसने किया है, वो अकल्पनीय है। अफसोस की बात यह है कि विश्व समुदाय इस अमानवीयता को चुपचाप देख रहा है। वैश्विक पटल पर कोई ऐसा नेता नहीं दिख रहा जो क्षुद्र स्वार्थ से ऊपर उठकर केवल इंसानियत और शांति की बात करे। नोबेल शांति पुरस्कार के आकांक्षी घर से लेकर बाहर तक बहुतेरे हैं, लेकिन उसके लिए कोई प्रयास करता नहीं दिख रहा। इजरायल के ही पेगासस स्पाईवेयर का इस्तेमाल किस तरह राजनैतिक विरोधियों या सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर किया गया, यह सब जानते हैं।

पेगासस तो मोबाइल को हैक करता है, अब इजरायल ही शायद खुलासा करेगा कि पेजर को हैक कैसे किया गया। गंभीर सवाल यह है कि अगर यह तकनीक दूसरे आतंकी समूहों के हाथ भी लग गई, तब क्या विनाश के सिलसिले को रोकना संभव हो सकेगा।

# नाकाम प्रचार तंत्र से उपजी है जुबान काटने की धमकी

– डॉ. दीपक पाचपोर

**चार** राज्यों के होने जा रहे चुनाव खासा महत्व रखते हैं। इसके लिये जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के लिये तो प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है, महाराष्ट्र तथा झारखंड में भी इसी साल चुनाव होंगे। सभी में भाजपा पराजय की कगार पर खड़ी दिखलाई दे रही है। जे एंड के में कांग्रेस का नेशनल कांफ्रेंस से गठबन्धन हुआ है तो वहीं हरियाणा में भी वह आगे चल रही है।

अमेरिका से राहुल गांधी लौटे ही हैं कि उनके खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। हालांकि यह पहली बार नहीं हुआ है। जिस प्रकार से राहुल भाजपा और खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कई मुद्दों को लेकर हमलावर हैं, उससे मोदी के समर्थकों का नाराज होना स्वाभाविक है ही, लेकिन जिस तरह की भाषावली का इस्तेमाल भाजपा के विभिन्न नेता राहुल के खिलाफ कर रहे हैं, उसे किसी भी तरह से लोकतंत्र के हित में नहीं कहा जा सकता। तथ्यों का जवाब तथ्यों से दिया जा सकता है; और भाजपा के पास तो बेहतर तथा संगठित प्रचार तंत्र है- सरकारी, भाजपा का आईटी सेल तथा विशालकाय ट्रोल आर्मी। फिर भी अगर भाजपा का कोई नेता राहुल की जुबान काटने वाले को 11 लाख रुपये का ईनाम देने की घोषणा करता है तो समझ लेना चाहिये कि यह सारा ही प्रचार तंत्र ध्वस्त हो गया है। उसी बदहवासी और बौखलाहट में राहुल पर हमले तेज हो गये हैं।

भाजपा की परेशानियां तभी से शुरू हो गयी थीं जब सितम्बर, 2022 के पहले हफ्ते में राहुल ने कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की पैदल यात्रा निकाली थी। उसे भाजपा ने न सिर्फ हल्के में लिया था, वरन उसके हुल्लड़ी ग्रुप ने इसका मजाक उड़ाया था और कई तरह की बेढंगी बातें भी कही थीं। किसी ने पहले अपनी पार्टी को जोड़ने फिर देश को जोड़ने की सलाह दी थी, तो किसी ने राहुल द्वारा स्वामी विवेकानंद का अपमान करने की बात कही। इन सबसे पार पाते हुए राहुल ने न सिर्फ करीब 4 हजार किलोमीटर नाप दिये बल्कि 14 जनवरी से 16 मार्च, 2023 तक न्याय यात्रा भी सफलतापूर्वक पूरी कर ली। हालांकि पहली यात्रा के बीच ही उन्होंने भाजपा सरकार के खिलाफ तगड़ी मोर्चेबन्दी कर ली थी। सड़क मार्ग से होते हुए जब तक वे 17वीं लोकसभा के आखिरी-आखिरी दौर के सत्र में पहुंचे तो जो भाजपा उन्हें हल्के में ले रही थी या उनकी एक खास तरह की छवि भारी-भरकम पैसा फेंककर बना चुकी थी, सतर्क हो गयी। इन यात्राओं में राहुल ने मोदी सरकार के खिलाफ तो विमर्श गढ़ा ही, भाजपा को कई मामलों में पीछे ढकेल दिया। राहुल की इस यात्रा ने कांग्रेस को पुनर्जीवित



किया, साथ में विपक्षी गठबन्धन भी बनाया। भाजपा ने संसद में राहुल और कांग्रेस को लोकतांत्रिक तरीके से नहीं वरन अनैतिक तरीके से नुकसान पहुंचाना शुरू किया। उनके भाषणों के अंश काटे जाते रहे या उनका माइक बन्द किया जाता रहा। उनके खिलाफ कभी प्रवर्तन निदेशालय के मामले में लम्बी पूछताछ कराई गई तो कभी अवमानना का मामला फिर से जिन्दा किया गया। उन सभी बाधाओं से बाहर निकलते हुए राहुल ने पिछले लोकसभा चुनावों में न केवल अपनी पार्टी की ताकत लोकसभा में दोगुनी करके दिखाई वरन एक मजबूत विपक्ष भी मोदी के सामने खड़ा कर दिया। लोकसभा में इस तरह का हश्र हो सकता है, इसका अनुमान भाजपा को पहले से होने लगा था। इसलिये मोदी समेत उनसे सारे नेताओं की जुबान बेहद जहरीली हो चली थी। इसी नफरती शब्दावली के बल पर मोदी न केवल विपक्ष को अपमानित करते रहे बल्कि अपने भाषणों से ध्रुवीकरण भी करते चले गये। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले हुए छत्तीसगढ़. मध्यप्रदेश और राजस्थान में भाजपा को मिली बम्पर जीत ने भाजपा के चेहरे पर मुस्कान तो लौटा दी थी और उसे यह आशा हो चली थी कि 2019 से भी उसका बेहतर प्रदर्शन रहेगा। इसी के भरोसे मोदी ने 370 व 400 पार का नारा दिया जो कि अंततः जबरन फुलाया गया गुब्बारा साबित हुआ। भाजपा 303 से 240 पर उतर आई। चुनाव के ऐन पहले इंडिया गठबन्धन को धोखा देने वाले नीतीश कुमार की जनता दल यूनाईटेड के 16 तथा चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देसम पार्टी के 12 सदस्यों ने मोदी को तीसरी बार पीएम की कुर्सी तो दिला दी, लेकिन वह सतत डोल रही है।

ऐसे माहौल में चार राज्यों के होने जा रहे चुनाव खासा महत्व रखते हैं। इसके लिये जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के लिये तो प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है, महाराष्ट्र तथा झारखंड में भी इसी साल चुनाव होंगे। सभी में भाजपा पराजय की कगार पर खड़ी दिखलाई दे रही है। जे एंड के में कांग्रेस का नेशनल कांफ्रेंस से गठबन्धन हुआ है तो वहीं हरियाणा में भी वह आगे चल रही है। भाजपा के प्रति लोगों की नाराजगी इस कदर है कि वहां 50 से ज्यादा विधायक, पूर्व विधायक, नेता आदि भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। महाराष्ट्र में कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे ही, वहां भाजपा ने जिस प्रकार से ऑपरेशन लोटस के जरिये उद्धव ठाकरे की सरकार गिराई और शिवसेना तथा नेशनल कांग्रेस पार्टी को तोड़ा, उसके चुनाव चिन्ह छीन लिये, उसके चलते लोगों में भाजपा के प्रति बेकदर नाराजगी है। ऐसा समझा जाता है कि विधानसभा चुनाव को लेकर भी यहां भाजपा बड़ी परेशानी में है। वह इसलिये भी क्योंकि शिवसेना के एकनाथ शिंदे और एनसीपी के अजित पवार धड़े में कई लोग वापसी की मंशा रखते हैं। एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार के भतीजे अजित तो कह चुके हैं कि उन्होंने परिवार को तोड़कर गलती की जिसका उन्हें दुख है।

ऐसे में जब राहुल गांधी अमेरिका दौरे पर देश में लोकतंत्र की दुर्दशा से लोगों को अवगत करा रहे हैं तो इससे पूरी भाजपा खिसियाई हुई है। देश में धार्मिक आजादी के खतरे के रूप में राहुल ने जो एक उदाहरण के रूप में यह कहा था कि 'पता नहीं कब तक सिखों को पगड़ी पहनने की आजादी रहेगी या वे गुरुद्वारे जा सकेंगे', उसका बतंगड़ बनाने की कोशिश भाजपा ने की। किसी ने राहुल को आतंकी कह दिया तो किसी ने उन्हें खालिस्तान समर्थक, क्योंकि एक खालिस्तानी नेता ने राहुल के बयान को पृथक देश के समर्थन के रूप में देखा।

ऐसे ही जब अमेरिका में ही एक भाषण के दौरान राहुल ने कहा कि 'जब तक जरूरी है तब तक आरक्षण जारी रहेगा। जब उसके समाप्त करने की आवश्यकता पड़ेगी तब उसके बारे में सोचा जायेगा।' उन्होंने साफ किया कि अभी इसका समय नहीं आया है। इसका भी लाभ लेने की कोशिश भाजपा यह कहकर कर रही है कि राहुल गांधी आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। इस क्रम में वह लोगों को भुलाने की भी कोशिश कर रही है कि वह स्वयं तभी से आरक्षण के खिलाफ रही है जब से संविधान लागू हुआ है और आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। दरअसल भाजपा का संविधान और आरक्षण के प्रति प्रेम तब जाग्रत हुआ जब इसी लोकसभा चुनाव में यह विमर्श इतना आगे बढ़ गया था कि लोगों में यह बात घर कर गयी कि भाजपा 400 सीटों का लक्ष्य इसलिये पाना चाहती है क्योंकि उसे संविधान बदलना है।

जाहिर है कि संविधान बदलने का उद्देश्य आरक्षण खत्म करना ही माना गया था। यह बात भी भाजपा के कई नेताओं एवं उम्मीदवारों ने कही थी। कांग्रेस समेत इंडिया गठबन्धन ने इसे प्रमुख मुद्दा बनाया। इसके कारण मोदी को सरकार बनाने के लिये दो बैसाखियों का सहारा लेना पड़ गया। भाजपा के पूरे प्रचार तंत्र की नाकामी और सरकार को घुटनों के बल पर लाने वाले राहुल की जुबान काटने वाले को यदि भाजपा का कोई नेता ईनाम घोषित करता है तो इसमें आश्चर्य नहीं होना चाहिये।

# केरल और चार अन्य गैर-भाजपा राज्यों ने करों में उचित हिस्सेदारी की मांग की

– पी. श्रीकुमारन

**सम्मेलन** में पांच गैर-भाजपा शासित राज्यों के वित्त मंत्रियों ने विभाज्य पूल में राज्यों की हिस्सेदारी 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने और केंद्र प्रायोजित योजनाओं में 'एक ही आकार सभी के लिए उपयुक्त' की केन्द्रीय नीति में संशोधन की मांग की क्योंकि सभी राज्यों की स्थितियां भिन्न हैं । वित्त मंत्रियों ने उपकर और अधिभार पर सीमा लगाने की जोरदार मांग की।



एक निर्णायक कदम उठाते हुए, पांच राज्यों के वित्त मंत्रियों के एक सम्मेलन ने केंद्र सरकार द्वारा वसूले जाने वाले उपकर और अधिभार पर सीमा लगाने के अलावा राज्यों को संसाधनों का उचित और न्यायसंगत बंटवारा करने की मांग की है।

पिछले सप्ताह तिरुवनंतपुरम में केरल की वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक और पंजाब के वित्त मंत्रियों ने भी भाग लिया। इस सम्मेलन में केंद्र-राज्य राजकोषीय संबंधों में बढ़ते असंतुलन पर गंभीर चिंता व्यक्त की गयी।

सम्मेलन में पांच गैर-भाजपा शासित राज्यों के वित्त मंत्रियों ने विभाज्य पूल में राज्यों की हिस्सेदारी 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने और केंद्र प्रायोजित योजनाओं में 'एक ही आकार सभी के लिए उपयुक्त' की केन्द्रीय नीति में संशोधन की मांग की क्योंकि सभी राज्यों की स्थितियां भिन्न हैं। वित्त मंत्रियों ने उपकर और अधिभार पर सीमा लगाने की जोरदार मांग की ताकि सीमा से ऊपर की कोई भी राशि विभाज्य पूल में जाये।

सम्मेलन का उद्घाटन करने वाले केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने 16वें वित्त आयोग का ध्यान आकर्षित किया और कहा कि वह अपनी सिफारिशों का मसौदा तैयार करते समय उपकर और अधिभार में बढ़ती प्रवृत्ति को ध्यान में रखे। पिनाराई ने कहा, 'पिछले दशक में अधिभार और उपकर में वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गयी है और अब यह संघ के सकल कर राजस्व का पांचवां हिस्सा है। इसका सीधा परिणाम करों के विभाज्य पूल का सिकुड़ना है।' केंद्र सरकार द्वारा एकत्र किये जाने वाले करों में राज्यों के लिए अधिक हिस्सेदारी की मांग 'निरंतर प्रासंगिकता' रखती है। संतुलन बनाने की प्रक्रिया में, 16वें वित्त आयोग को कर वितरण के फामूर्ले पर निर्णय लेने में अत्यधिक सावधानी बरतनी होगी तथा जरूरतमंद राज्यों को अनुदान वितरित करने के लिए अनुच्छेद 275 के संवैधानिक प्रावधानों का प्रभावी ढंग से उपयोग करना होगा।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए, तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री तथा वित्तमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने वास्तविक संघीय व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए केंद्र-राज्यों के बीच शक्ति संतुलन को पुनः संतुलित करने की मांग की।

तमिलनाडु के वित्त मंत्री थंगमथेन्नारासु ने विभाज्य पूल में राज्यों की हिस्सेदारी 41 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु को लगातार वित्त आयोगों द्वारा बार-बार दंडित किया गया है, तथा नौवें वित्त आयोग के तहत इसकी हिस्सेदारी 7.93 से घटकर 15वें वित्त आयोग के तहत 4.07 प्रतिशत रह गयी है।

कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने 16वें वित्त आयोग से केंद्र सरकार द्वारा लगाये जाने वाले उपकर तथा अधिभार को सकल कर राजस्व के पांच प्रतिशत पर सीमित करने को कहा। इससे ऊपर की कोई भी चीज विभाज्य पूल का हिस्सा बननी चाहिए। यही तमिलनाडु की मांग है।

पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने स्वीकार किया कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की शुरूआत एक ऐतिहासिक सुधार था, लेकिन उन्होंने महसूस किया कि इसने राज्यों की वित्तीय स्वायत्तता को गंभीर रूप से कम कर दिया है।

सम्मेलन की अध्यक्षता करने वाले केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने महसूस किया कि सहकारी संघवाद एक बड़े संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह तेजी से 'अधीनस्थ संघवाद' या 'जबरदस्ती संघवाद' बनता जा रहा है।

सम्मेलन में यह आशंका भी व्यक्त की गयी कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन से दक्षिणी राज्यों के हितों को नुकसान पहुंचेगा।

तेलंगाना ने इसे एक 'बढ़ते राजनीतिक खतरे' के रूप में देखा, जिससे लोकसभा में दक्षिणी राज्यों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व कम हो जायेगा। उन्हें यह भी डर था कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण और सामाजिक विकास को प्राथमिकता दी है, उन्हें अनुचित रूप से दंडित किया जा सकता है, जबकि उच्च जनसंख्या वृद्धि वाले राज्यों को लोकसभा में असंगत प्रतिनिधित्व मिल सकता है।

कर्नाटक ने तेलंगाना द्वारा व्यक्त की गयी आशंकाओं से खुद को जोड़ा। यदि यह प्रक्रिया आगामी जनगणना पर आधारित है तो संसद में दक्षिणी राज्यों का प्रतिनिधित्व कम हो जायेगा। राज्य के वित्त मंत्री ने कहा कि यह एक अजीब विरोधाभास है कि एक तरफ दक्षिणी राज्यों का आर्थिक योगदान बढ़ रहा है, जबकि दूसरी तरफ इस बात की पूरी संभावना है कि उनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व कम हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह अस्वीकार्य है और दक्षिणी राज्यों को पूरी ताकत से इसका विरोध करना चाहिए। दोपहर के सत्र में भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन ने मुख्य भाषण दिया।

# जिलाधिकारी ने की 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में गुरूवार को 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने 50 लाख रुपए से अधिक लागत के निर्माण कार्यों में अन्तर्राज्यीय, अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर दो, फोर लेन मार्ग पर गेट एवं प्रकाश व्यवस्था, राजकीय महाविद्यालय पाही, सेतुओं के निर्माण, उद्यमिता प्रशिक्षण केन्द्र, पर्यटन सुविधा केन्द्र, पर्यटन के कार्यों, सूचना संकुल भवन, डिफरेंस कॉरिडोर, जल जीवन मिशन के कार्यों, बहुद्देशीय क्रीडा हाल, थाना



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी।

भरतकूप, सरधुआ के आवासीय, अनावासीय भवन निर्माण, सर्किट हाउस निर्माण, वृहद गौ आश्रय केन्द्रों के निर्माण, ड्रग वेयरहाउस, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलिज मानिकपुर, नगर पंचायत भवन मऊ का निर्माण, नवीन संकेत जूनियर हाईस्कूल का निर्माण, रेस्क्यू सेंटर का निर्माण, तुलसी वाटर फाल आदि निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो निर्माण कार्य चल रहे हैं, जिनमें प्रगति कम है, उसमें श्रम शक्ति बढाकर प्रगति कराई जाए। साथ ही निर्माण कार्यों को शासन की मंशा के अनुरूप समय सीमा के अंदर गुणवत्ता पूर्ण कराया जाए, जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं तो सम्बन्धित विभागों को हैंडओवर कराए। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी से कहा कि जो निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, उसमें जिन कार्यों में भूमि सम्बन्धी मामले हैं, उसकी तहसील वार सूची बनाकर उप जिलाधिकारियों से निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि जो सेतुओं के निर्माण कार्य पूर्ण हो गये है, उनमें एक समिति गठित करके गुणवत्ता की जांच कराई जाए। परियोजना प्रबंधक सेतु निगम को निर्देश दिए कि जिन सेतुओं में एप्रोच रोड पूर्ण नहीं है, उनको तत्काल कराया जाए। उन्होंने यूपीपीसीएल के सहायक अभियंता से कहा कि जो पर्यटन विकास के कार्य रामघाट व परिक्रमा मार्ग पर चल रहे हैं, उनपर तेजी लाई जाए। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि रामघाट व परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण कर अमावस्या मेला से पूर्व पूर्ण कराया जाए ताकि आने वाले तीर्थ यात्रियों को कोई असुविधा न हो।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बंदना श्रीवास्तव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

## युवती ने दुष्कर्म का लगाया आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में दुष्कर्म का चैंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां एक युवती ने गांव के युवक पर गंभीर आरोप लगाये हैं। पीड़िता ने दावा किया कि युवक ने दोस्ती का झांसा देकर कई बार उसका शोषण किया। विरोध पर उसे व परिजनों को जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता ने बताया कि युवक ने उसे इस हद तक भयभीत कर दिया कि उसे कुछ समय को गांव छोड़कर बाहर जाना पड़ा। नौ सितम्बर को वापस आने पर युवक ने परिजनों से मारपीट की। पीड़िता को मजबूरन फिर से अपने गांव लौटना पड़ा। स्थानीय थाने में शिकायत के बाद भी आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई।इस मामले में पुलिस अधिकारियों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मामले की जांच जल्द ही शुरू की जाएगी और दोषी को सख्त सजा दी जाएगी। पीड़िता को सुरक्षा प्रदान करेंगे। पीड़िता व परिवार की सुरक्षा के साथ आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सात वर्षीय बालक तालाब में डूबा, मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी थाने के देवल गांव में गुरुवार को सात वर्षीय बालक लवदीप कुमार की तालाब में डूबने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि लवदीप छोटे भाई-बहन विधांशु व राजवीर के साथ घर से दो सौ मीटर दूर तालाब के पास खेल रहा था। खेलते-खेलते लवदीप अचानक तालाब में गिर गया। डूबने से उसकी जान चली गई। लवदीप को तालाब से निकाला गया तो उसकी मृत हो गई थी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा। परिजन हादसे से सदमे में है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रधान-सचिव पर फर्जी जाबकार्ड बनाने का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के रेरुवा गांव में मनरेगा से जुड़ी अनियमितताओं की शिकायत के बाद लखनऊ से संयुक्त आयुक्त मनरेगा ग्राम्य विकास एमएल व्यास मौके पर पहुंचे। उन्होंने गांव में शिकायतों की जांच कर कहा कि वे रिपोर्ट शासन को भेजेंगे।

गुरुवार को रेरुवा गांव के रामगणेश पांडेय ने आयुक्त को लिखे पत्र में प्रधान-सचिव पर फर्जी जाबकार्ड बनाने व अनियमित भुगतान की शिकायत की थी। पांडेय ने आरोप लगाया कि कंप्यूटर ऑपरेटर, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी और कार्यक्रम अधिकारी ने मिलकर अन्य ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों के नाम फर्जी जाबकार्ड बनाये हैं। जांच



जांच करते संयुक्त आयुक्त।

दौरान संयुक्त आयुक्त के साथ डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, बीडीओ रामनगर दिनेश कुमार मिश्रा, सचिव कुसुम पाल मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों से बातकर मजदूरों के काम के बारे में जानकारी ली। डीसी मनरेगा ने बताया कि रेरुवा गांव का मामला पहले से सक्रिय है। इसकी जांच पहले भी की जा चुकी है। लगभग दो लाख रुपये की रिकवरी की प्रक्रिया चल रही है। संयुक्त आयुक्त ने कहा कि रेरुवा में अनियमितताओं बाबत जांच की गई है। रिपोर्ट जल्द ही शासन को भेजी जाएगी।

## मारपीट व गाली-गलौज मामले में आरोपियों को हुई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मारपीट व गाली-गलौज के मामले में दोष सिद्ध होने पर चार आरोपियों को न्यायालय ने प्रत्येक को 1500 रूपए अर्थदण्ड व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई गई।

शुक्रवार को सहायक अभियोजन अधिकारी ब्रजमोहन ने बताया कि मारपीट व गाली गलौच करने पर राजापुर थाना क्षेत्र के सिकरी निवासी श्रीराम, नंगा व झुल्लू के विरूद्ध राजापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। साथ ही पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी श्रीराम, नंगा व झुल्लू को प्रत्येक को 1500 रूपए के अर्थदण्ड व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई गई।इसी प्रकार सहायक अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि एक राय होकर मारपीट व गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने पर मानिकपुर थाना क्षेत्र के गढचपा निवासी राजबहादुर सिंह के विरूद्ध मानिकपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। साथ ही पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद मानिकपुर ग्राम न्यायालय की न्यायाधीश खुशबु चन्द्रा ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी राजबहादुर सिंह को 1500 रूपए अर्थदण्ड के साथ न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई गई।

## सौर ऊर्जा प्लांट मालिक पर धाखोधडी का आरोप



पत्र दिखाते ग्रामीण।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के छीबो गांव के ग्रामीणों ने सौर ऊर्जा प्लांट के मालिक सुखबीर शौर्य पर गंभीर आरोप लगाये हैं। ग्रामीणों ने कहा कि साल 2021 में सौर ऊर्जा प्लांट लगाने को उनसे 25 लाख रुपये का बैनामा तय हुआ था। इसके तहत उन्हें 25 लाख रुपये के चेक दिए गए थे। उनके खातों

### 25 लाख के बकाये का मामला

में 13 लाख रुपये ही जमा हुए हैं। शेष राशि के चेक बाउंस हो गए।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार धोखाधड़ी की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सौर ऊर्जा प्लांट के मालिक की धोखाधड़ी से उन्हें आर्थिक क्षतिम हुई है। ग्रामीणों ने डीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि जब तक उन्हें पूरा भुगतान नहीं मिलता, वे न्याय की लड़ाई जारी रखेंगे। डीएम ने मामले की गंभीरता के मद्देनजर जांच के आदेश दिये हैं। देखना है कि पीड़ित ग्रामीणों को उनका हक मिलेगा या उन्हें अधिकारियों के दरवाजे खटखटाने पड़ेंगे।

## हैंडबॉल-बास्केटबॉल प्रतियोगिता को टीमें रवाना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** क्षेत्रीय खेल कार्यालय बरेली द्वारा 20 से 22 सितंबर तक महिला हैंडबॉल व बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्टेडियम में किया जाना है। जिसमें प्रदेश के 18 मंडलों की टीमें भाग लेंगी। चित्रकूट धाम मंडल की टीम बास्केटबॉल एवं हैंडबॉल की टीम भी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीम मैनेजर शैलेंद्र कुमार एवं अख्तर हुसैन के साथ बरेली के लिए रवाना हो गई है। हैंडबॉल टीम में नैना, अंशिका, रोशनी, श्वेता, दुर्गा, अंशिका, अर्पिता, मनीषा, मोनिका, तनु, वैभवी, अनुषा शामिल है। बास्केटबॉल टीम में गरिमा, कैप्टन स्नेहा, सीता, साधना, बबली, जानकी, देवी कशिश चैरसिया, रोशनी शामिल हैं। दोनों ही टीमें गुरूवार को बरेली के लिए रवाना हो गई है। खेल अनुदेशक श्याम सुंदर यादव, श्री कृष्ण एथलेटिक्स कोच अंगद सिंह यादव ने टीम को शुभकामनाएं दी।

# एसपी ने जनप्रतिनिधियों के साथ गोष्ठी कर पूछी जनता की समस्याएं

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने जनप्रतिनिधियों से जनपद में नागरिकों को होने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में पूछा। साथ ही बेहतर कानून व्यवस्था के लिए सुझाव लिये।

शुक्रवार को गोष्ठी में जनप्रतिनिधियों ने रामघाट में चारों धाम यात्रा के नाम पर श्रद्धालुओं से वाजिब किराए के स्थान पर भारी भरकम वसूली पर ध्यान आकृष्ट किया गया। साथ ही ऐसा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही



समस्या सुनते एसपी।

की मांग की। इसके साथ ही राणन तालाब एवं रानीपुर भट्ट तालाब के अमृत सरोवर घोषित हो जाने के कारण आगामी दुर्गा पूजा के दौरान दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर आने वाली समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट किया। साथ ही प्रयागराज रोड स्थित खोही तालाब, बेडी पुलिया स्थित दुर्गादास तालाब और हनुमान मंदिर के समीप स्थित लोढवारा तालाब और बनकट तालाब का नाम प्रतिमा विर्सजन को सुझाया गया। पुलिस अधीक्षक ने इन दोनों बिन्दुओं पर अपेक्षित कार्यवाही के लिए आश्वस्त किया।

इस मौके पर मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, एमएलसी बाबूलाल तिवारी के प्रतिनिधि विवेक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## बारिश ने तोड़ा 10 साल का रिकॉर्ड 24 घंटे में 102 एमएम बारिश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट, मानिकपुर।** जिले में दो दिन से झमाझम बारिश हो रही है। बारिश ने मंगलवार की रात को तो 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 24 घंटे में 102 एमएम बारिश हुई। बारिश के कारण मंदाकिनी नदी सहित मानिकपुर क्षेत्र की बरदहा नदी भी उफना गई। रामघाट की दुकानों में पानी घुस गया। मूसलाधार बारिश से मंदाकिनी और बरदहा नदी उफना गईं। रामघाट पर सड़क तक पानी आ गया। सड़कों पर में नाव चलती रहीं। श्रद्धालुओं को रामघाट पर जाने से रोक दिया गया। पितृपक्ष की शुरुआत पर स्नान करने आए श्रद्धालु निराश होकर लौट गए। सतना शहर से आए किशोर तिवारी ने बताया कि कई साल से रामघाट आकर पितरों को जल तर्पण करते हैं। नदी का जलस्तर बढ़ा होने के कारण रामघाट के अंदर जाने पर प्रतिबंध था। इस कारण एमपी क्षेत्र में जाकर जल तर्पण किया है। रामघाट की दुकानें खाली कर दुकानदार खाली कर सामान लेक सुरक्षित स्थान पर पहुंचे।

कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां के मौसम वैज्ञानिक अंकुर त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को 102 एमएम बारिश हुईए जो जिले में दस साल में किसी एक दिन में नहीं हुई। इस सीजन में जिले में अबतक 747 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। मानिकपुर स्थित बरदहा नदी भी उफना गई है। चमरौहा रपटे पर पानी भर जाने से रास्ता बंद हो गया है। इस कारण नदी के आसपास के 10 से अधिक गांवों का संपर्क कट गया है।

# दम्पति में सुलह करा परिवार को टूटने से बचाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में महिला थाना की पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगडे को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया।

आवेदक सुशील कुमार पुत्र अजीत कुमार निवासी छेछरिहा ने महिला थाना के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि उनकी पत्नी अनुराधा पुत्री शिवशंकर निवासी निबहु जलालपुर थाना बबेरू जनपद बांदा लडाई झगडा करती है। थानाध्यक्ष महिला थाना सविता सरोज एवं उप निरीक्षक गीता व महिला आरक्षी नीतू नायक द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें महिला थाने बुलाया गया। साथ ही दोनों पक्षों को



विवाद सुलझाती पुलिस।

समझाया गया। दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में मारपीट, गाली गलौज व लडाई झगडा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोडे को एक दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी गयी।

## एआरटीओ कार्यालय को दलालो से मुक्त नही करा पा जिला प्रशासन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार जीरो टालरेंस नीति जिले के एआरटीओ कार्यालय मे औंधे मुंह पड़ी हुई है। सरकार की नीतियों को लागू कराने के प्रति जिला प्रशासन के आला अधिकारी और सत्ताधारी भाजपाई गंभीर नहीं है। एआरटीओ कार्यालय मे बगैर दलालों के जरिये कोई भी कार्य नही हो रहे है। एआरटीओ विवेक शुक्ला की नीतियों के चलते न तो ट्रक-डम्फरो की ओवरलोडिंग बंद हुई है और न ही हाइवे से बगैर परमिट बसों का संचालन बंद हुआ है। डग्गामार जीपे भी हर सड़को पर दौड़ रही है। नियम विरुद्ध सड़कों पर चलने वाले वाहनों से माहवारी वसूली हो रही है। जिससे सीधे तौर पर सरकार के राजस्व की ही चोरी हो रही है। वाहन स्वामी नियम से चलते होते तो एआरटीओ को हर माहवारी नही देनी होती। जिले में हर माह करोडो रूपये की वसूली होने के साक्ष्य सितम्बर माह की एआरटीओ शुक्ला के वसूली की सूची वायरल हो रही है। इसके पूर्व एआरटीओ के साथ चलने वाले दीवान का ट्रक चालक से रूपये लेते हुए और सिस्टम से चलने की बात का वीडियो वायरल हो चुका है। लेकिन कोई जांच कार्यवाही नहीं हुई। ऐसे में मुख्यमंत्री के सरकारी कार्यालयों में भ्रस्टाचार की जीरो टालरेंस नीति को जुमला ही माना जाये। भ्रष्टाचार मिटाने के अभियान मे मुख्यमंत्री के साथ उनके भाजपाई भी नहीं नजर आ रहे है।

## दो बाइकों की भिड़ंत, तीन लोग घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र के नांदी तौरा मोड़ के पास दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

शुक्रवार की शाम चार बजे मैकू पुत्र चुनवाद पैकौरा साथी उमेश पुत्र विजय के साथ बाइक से नांदी तौरा से पहाड़ी की ओर जा रहा था। पहाड़ी मोड़ के पास उन्होंने अपनी बाइक किनारे खड़ी की थी। तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहे सूरज पुत्र बृजराज पहाड़ी बुजुर्ग की बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने 108 एम्बुलेंस बुलाया। घायलों को सोनेपुर जिला अस्पताल भेजा गया। उमेश की हालत नाजुक देखते हुए उसे सतना रेफर किया गया। जबकि मैकू व सूरज का इलाज सोनेपुर जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।



अस्पताल में भर्ती घायल।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक यूटी उत्कर्ष सिंह व आरक्षी रणवीर सिंह द्वारा नंदकिशोर निवासी ग्राम बैहार को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना भरतकूप में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# पाकिस्तान ग्वादर में बनवाएगा चीन का सैन्य अड्डा...

## लीक डॉक्यूमेंट में खुलासा, भारत-अमेरिका की बढ़ेगी चिंता

**इस्लामाबादः पाकिस्तान** ने हमेशा ही चीन और अमेरिका के साथ अपने संबंधों को संतुलित करने की कोशिश की है। वहीं अमेरिका और चीन दोनों ही पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता का फायदा उठाकर अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश करते रहे हैं। ड्रॉप साइट न्यूज ने सीक्रेट दस्तावेजों के आधार पर दावा किया है कि पाकिस्तान ने चीन से ग्वादर में एक सैन्य बेस बनाने के लिए जगह देने का वादा किया था। ये तब हुआ था जब वह अमेरिका को लुभाने में कामयाब नहीं हो सका था। इसके अलावा बीजिंग की लंबे समय से चली आ रही पाकिस्तान के अंदर संयुक्त सैन्य अभियानों को अधिकृत करने की मांग पर भी इस्लामाबाद ने भरोसा दिया था।




रिपोर्ट कहती है कि अमेरिका के संबंधों की बेहतरी के प्रयास में 2022 के अक्टूबर में पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख कमर जावेद बाजवा वॉशिंगटन की आधिकारिक यात्रा पर गए थे। बाजवा वाशिंगटन को आश्वस्त करना चाहते थे कि पाकिस्तानी सेना अमेरिका की ओर देख रही है ना कि चीन या रूस की तरफ। अमेरिका में बाजवा ने वादा किया कि बीजिंग के मुकाबले वाशिंगटन के लिए पाकिस्तानी सेना की प्राथमिकता पर जोर दिया जाएगा। पाकिस्तान की कोशिश अमेरिका का पहले जैसा समर्थन और विश्वास हासिल करने की थी, जिसमें उसे कामयाबी नहीं मिल पाई। अमेरिकी दांव के विफल होने के बाद पाकिस्तानी अधिकारी चीन के साथ संबंधों को सुधारने के अपने प्रयासों में तेजी लेकर आए। दस्तावेजों से पता चलता है कि चीन को लुभाने के लिए पाकिस्तान ने उससे वादा किया कि ग्वादर के बंदरगाह पर सैन्य अड्डे के लिए बीजिंग मंजूरी दी जाएगी।

कैसे पास आए चीन-पाकिस्तान

साल 2021 में अमेरिका और पाकिस्तान के संबंधों में खटास आने लगी थी। इसी साल मार्च में पाक सेना प्रमुख कमर बाजवा ने व्यक्तिगत रूप से चीन के रक्षा मंत्री से मुलाकात की थी। इस दौरान बाजवा ने कहा था कि चीन एक बहुत ही महत्वपूर्ण पड़ोसी है और उसने हमें कई तरह से मदद की है। पाकिस्तानी खुफिया आकलन में वह चीन को अमेरिका की तुलना में ज्यादा अहम रणनीतिक सहयोगी मानता है। कश्मीर क्षेत्र में भी दोनों एक मंच पर दिखे हैं। साल 2019 में भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर कश्मीर का विशेष दर्जा हटा दिया था। यह न केवल पाकिस्तान के लिए बल्कि चीन के लिए भी उकसावे की बात थी, क्योंकि इसने भारत के विवादित लद्दाख क्षेत्र पर चीन के क्षेत्रीय दावे पर सवाल उठाया, जहां 2020 में चीनी और भारतीय सैनिकों के बीच घातक झड़पें हुईं।

पिछले एक दशक में चीन के लिए पाकिस्तान समर्थित बुनियादी ढांचा निर्माण परियोजना का घर बन गया है, इसे चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा के रूप में जाना जाता है। अरबों रुपए के निवेश के बावजूद जमीनी स्तर पर इसके परिणाम निराशाजनक रहे हैं और पाकिस्तान सरकार पर कर्ज बढ़ रहा है। आंतरिक रिपोर्ट पाकिस्तान की इस इच्छा पर जोर देती है कि अमेरिका और चीन के साथ उसके संबंध एकतरफा ना हों। विश्लेषक एडम वेनस्टीन का कहना है कि पाकिस्तानी सेना चीनी और अमेरिकी सैन्य संबंधों के बीच संतुलन बनाए रखने में विश्वास रखती है।

सीक्रेट डॉक्यूमेंट कहते हैं कि पाकिस्तान की सैन्य-समर्थित सरकार ने निजी तौर पर बीजिंग को ग्वादर के प्रमुख बंदरगाह में सैन्य अड्डा देने का वादा किया। ग्वादर चीन की बेल्ट-एंड-रोड पहल में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। पाकिस्तान से होने वाले गलियारे का अंतिम पड़ाव चीन की अर्थव्यवस्था को पश्चिम से जोड़ेगा और दक्षिण चीन सागर में शिपिंग पारगमन पर इसे कम निर्भर बनाएगा।

ग्वादर के लिए बीजिंग की महत्वाकांक्षाओं ने वॉशिंगटन ही नहीं भारत को भी चिंतित किया है। ग्वादर अरब सागर के तट पर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य के मुहाने पर स्थित है। वहां एक सैन्य अड्डा चीन की अपने क्षेत्र से परे बल प्रक्षेपित करने की क्षमता को बदल देगा और उसे दक्षिण पूर्व एशिया में समुद्री ऊर्जा शिपिंग मार्गों पर निर्भरता से मुक्त कर देगा।

# चीन की मदद से ब्रिक्स में शामिल होकर भारत की बराबरी करना चाहता था पाकिस्तान



**इस्लामाबादः चीन** की मदद से ब्रिक्स में शामिल होने के मंसूबे पाल रहे पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है। ब्रिक्स के वर्तमान अध्यक्ष रूस के डेप्युटी पीएम अलेक्सी ओवरचुक ने इस्लामाबाद में कहा कि पाकिस्तान के आवेदन पर ब्रिक्स के अंदर कोई सहमति नहीं बन पाई है। पाकिस्तान की सरकार लगातार रूस की शान में कसीदे गढ़ रही थी ताकि वह सपोर्ट कर दे। यही नहीं पाकिस्तान को उम्मीद थी कि चीन रूस पर दबाव डालेगा ताकि भारत उसका विरोध करना बंद कर दे और ब्रिक्स की सदस्यता मिल जाए। वहीं भारत ने साफ कर दिया था कि वह पाकिस्तान की सदस्यता का कड़ा विरोध करता रहेगा। रूसी नेता पाकिस्तान की यात्रा पर पहुंचे थे।

ब्रिक्स की अक्टूबर में कजान रूस में बैठक होने वाली है जिसमें भाग लेने के लिए पीएम मोदी भी जा सकते हैं। पाकिस्तान यात्रा के दौरान अलेक्सी ने संकेत दिया कि इस्लामाबादी की अर्जी पर कोई आम सहमति नहीं बन पाई है। उन्होंने इस्लामाबाद में पत्रकारों से कहा, 'हम इस बात से खुश हैं कि पाकिस्तान ने आवेदन किया है। ब्रिक्स और एससीओ एक आपसी दोस्ती वाले संगठन हैं जो एक-दूसरे को सपोर्ट करते हैं। लेकिन इसी समय एक आमराय बनाने की जरूरत है ताकि उन फैसलों को लिया जा सके। हमने अभी ब्रिक्स का काफी बड़ा विस्तार देखा है।'

चीन ब्रिक्स में करना चाहता है खेल

ईटी की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान को चीन का समर्थन मिल रहा है लेकिन वह उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी में नहीं आता है। यह किसी भी ब्रिक्स के सदस्यता या पार्टनर स्टेटस के लिए मुख्य शर्त है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था डिफाल्ट होने की कगार पर है और वह शीर्ष तथा उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाले देशों में नहीं आता है। 22-24 अक्टूबर तक होने वाले शखिर सम्मेलन में रूस ब्रिक्स के पार्टनर तंत्र पर फैसला करेगा। पाकिस्तान चीन की मदद से एससीओ का सदस्य बना था लेकिन ब्रिक्स में शामिल होने के लिए शर्त अलग है।

एससीओ से उलट भारत ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य है और इस संगठन के और ज्यादा विस्तार में नई दिल्ली का रुख बहुत मायने रखता है।

पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स का शिखर सम्मेलन हुआ था जिसमें यूएई, सऊदी अरब, मिस्त्र, ईरान, इथियोपिया और आर्जेंटीना को इस संगठन में शामिल किया गया था।

# पेजर हमले की प्लानिंग इजरायल ने फिल्म से सीखी? मोसाद के पूर्व एजेंट का बड़ा दावा

**बेरूतः लेबनान** में हिजबुल्लाह पेजर हमले का शिकार हुआ है। हिजबुल्लाह का कहना है कि हमले के पीछे इजरायल है। इस बीच मोसाद के एक पूर्व एजेंट ने कहा है कि पेजर के जरिए हमले की साजिश एक जासूसी फिल्म को देखकर की गई होगी। उसने कहा कि इजरायल हिजबुल्लाह को युद्ध शुरू करने के लिए उकसा रहा है। मंगलवार को हुए पेजर हमले में 12 लोग मारे गए हैं। वहीं 3000 लोग घायल हुए हैं। द सन की रिपोर्ट के मुताबिक अवनेर अव्राहम का दावा है कि इजरायल सीधे तौर पर हिजबुल्लाह को जवाबी कार्रवाई शुरू करने की चुनौती दे रहा है, ताकि वह लेबनान पर हमला कर उन्हें मिटा सके।



उन्होंने आगे कहा कि इस हमले से इजरायल सीधे तौर पर कह रहा है कि हमसे मत भिड़ो। उन्होंने दावा किया कि हमला इतना भयानक था कि इजरायल पर अगर हिजबुल्लाह हमला करता है तो वह तुरंत हार जाएगा। उन्होंने कहा, 'इजरायल चाहता है कि हिजबुल्लाह पहली गलती करे। इसके जरिए वह लेबनान को 100 साल पीछे धकेल देंगे।' 28 साल के इस पूर्व जासूस ने कहा कि इतने सारे लोगों के घायल होने से हिजबुल्लाह कमजोर हो गया है और लेबनान अराजकता में डूब गया है।

लेबनान में बफर जोन की जरूरत

अव्राहम ने कहा कि उनका मानना है कि इजरायल को लेबनान पर हमला करके देश के अंदर एक बफर जोन बनाने की जरूरत है, जहां कोई न रहता हो। उत्तरी सीमा पर रहने वाले इजरायलियों को यह सुरक्षा देगा। सैकड़ों हजारों लोग इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से उत्तरी इलाकों को छोड़ चुके हैं। उन्होंने कहा, 'उत्तर में लोगों को फिर बसाने के लिए हिजबुल्ला को धकेलना जरूरी है।' उन्होंने इस बातकी भी संभावन जताई कि हमला जासूसी फिल्मों में इस्तेमाल किए गए गैजेट्स से प्रेरित हो सकता है। उन्होंने दावा किया कि मोसाद कई बार फिल्मों से आइडिया लेता है।

इजरायल पाकिस्तान के बीच इमरान कराएंगे दोस्ती? दावे से हड़कंप

हिजबुल्लाह की उड़ गई नींद

उन्होंने कहा, 'कोई भी कल की स्क्रिप्ट नहीं लिख सकता। यह लीक से हटकर सोचने का असली उदाहरण है। कल जो हुआ उसे पूरी दुनिया ने देखा है।' उन्होंने कहा कि अगर मोसाद कुछ कर रहा है और अगर इसे दिखाने की सोच रहा है तो वे अपने मिशन को अंजाम देकर गायब हो जाते हैं। यही सबसे बड़ा प्लान होता है कि आपको पता ही नहीं चलेगा कि आखिर इसके लिए कौन जिम्मेदार है। उन्होंने कहा, 'हिजबुल्लाह ने पेजर अपने खास लोगों को दिया होगा। इस हमले के बाद वह दोबारा अपने बेड पर सो नहीं पाएंगे। उन्हें हर चीज में बम का डर लगेगा। कई बार ऐसे हमले किसी को मारने से ज्यादा घातक होते हैं।'

# इस्माइल हानिया की हत्या, अब लेबनान में राजदूत की गई आंख...

**बेरूतः लेबनान** में हुए पेजर ब्लास्ट ने इजरायल और ईरान के तनाव को एक बार फिर बढ़ा दिया है। दरअसल लेबनान में ईरान के राजदूत मोजतबा अमानी भी मंगलवार को हुए विस्फोट में घायल हुए हैं। उनकी आंख में चोट लगने की बात सामने आई है। वह फिलहाल अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में हैं। इस घटना का जिक्र करते हुए संयुक्त राष्ट्र में ईरानी दूत ने एक पत्र में कहा है कि ईरान लेबनान में अपने राजदूत को निशाना बनाकर किए गए हमले पर कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि ईरान जवाब देने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने अधिकारों को सुरक्षित रखता है। लेबनान और ईरान ने इजरायल को इन हमलों के लिए दोषी ठहराया है। जुलाई में तेहरान में हमास नेता इस्माइल हानिया की हत्या कर दी गई थी। ईरान ने तब कहा था कि वह अपनी राजधानी में हुई उस हत्या का जवाब इजरायल को देगा। हालांकि ईरान ने कोई हमला इजरायल पर नहीं किया। माना गया कि एक पूर्ण युद्ध और बड़े नुकसान से बचने के लिए ईरान ने ऐसा किया।

लेबनान धमाकों में अपने राजदूत को नुकसान के बाद फिर से सवाल उठ रहा है कि क्या ईरान चुप रह जाएगा या फिर इस बार क्षेत्र में कोई बड़ा संघर्ष होने जा रहा है। या फिर ईरान पूर्ण युद्ध में जाने की बजाय प्रॉक्सी के जरिए इजरायल को जवाब देने का रास्ता चुनेगा।

# इजरायल की फर्जी कंपनी ने बनाया था पेजर, अंदर फिट कर दी पीईटीएन विस्फोटक से लैस बैटरियां

**तेल अवीवः लेबनान** में मंगलवार दोपहर को उस समय अफरातफरी मच गई, जब लोगों के घरों और जेबों में रखे पेजर फटने लगे। पूरे लेबनान की सड़कों, दुकानों और घरों में विस्फोटों ने हजारों लोगों को प्रभावित किया। इन धमाकों में कम से कम 12 लोग मारे गए और 2800 से अधिक घायल हुए हैं। इसके अगले दिन लेबनान में वॉकी-टॉकी में भी रहस्यमय तरीके से विस्फोट होने से 20 और लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए। इस घटनाक्रम ने लेबनान को हैरान कर दिया है। लेबनान सरकार ने धमाकों के लिए इजरायल को दोषी कहा है। हालांकि इजरायल ने विस्फोटों में किसी भी भूमिका की न तो पुष्टि की है और न ही इनकार किया है।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान और पूर्व रक्षा और खुफिया अधिकारियों का कहना है कि इन धमाकों के पीछे इजरायल है। इस ऑपरेशन को काफी लंबे समय से चलाया जा रहा था। दरअसल हिजबुल्लाह के लोग फोन के ट्रैक होने के खतरे को देखते हुए पेजर्स का इस्तेमाल कर रहे थे। हिजबुल्लाह काफी समय से पेजर के इस्तेमाल पर जोर दे रहा था और इसी में इजरायली खुफिया अधिकारियों ने मौका देख लिया।

इजरायल ने बनाई शेल कंपनी



हिजबुल्लाह ने जब पेजर के इस्तेमाल का फैसला लिया तो इजरायल ने एक शेल कंपनी स्थापित करने की योजना बनाई। ये कंपनी एक अंतरराष्ट्रीय पेजर निमार्ता के रूप में सामने आई। बी.ए.सी. कंसल्टिंग हंगरी स्थित एक कंपनी थी, जो ताइवान की कंपनी गोल्ड अपोलो की ओर से पेजर बनाने का कॉन्ट्रैक्ट लेती थी। ऑपरेशन के बारे में जानकारी देने वाले तीन खुफिया अधिकारियों ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि यह इजरायली ऑपरेशन का हिस्सा था। पेजर बनाने वाले लोगों की वास्तविक पहचान को छिपाने के लिए कम से कम दो अन्य फर्जी कंपनियां भी बनाई गईं।

बी.ए.सी. में सामान्य ग्राहकों को शामिल किया, जिसके लिए इसने सामान्य पेजर की एक श्रृंखला तैयार की। हालांकि इसके टारगेट पर जो ग्राहक था, वह हिजबुल्लाह था। तीन खुफिया अधिकारियों के अनुसार अलग-अलग निर्मित इन पोजर्स में विस्फोटक पीईटीएन से लैस बैटरियां थीं। ये पेजर्स 2022 की गर्मियों में लेबनान पहुंचने लगे थे लेकिन इनकी संख्या हालिया महीनों में बढ़ी।

इजरायल ने किया था भारी निवेश

तीन खुफिया अधिकारियों के अनुसार, इजरायल ने पेजर को विस्फोटक बनाने की तकनीक विकसित करने में भारी भरकम निवेश किया था।

# पुर्तगाल के जंगलों में लगी आग, सात की मौत

**लिस्बन। पुर्तगाल** के मध्य और उत्तरी हिस्से में जंगल की आग का कहर जारी है। इसमें सात लोगों की मौत हो गई और 40 घायल हो गए हैं। समाचार एजेंसी शन्हिुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आग ने दर्जनों घरों को नष्ट कर दिया। मंगलवार को प्रमुख सड़कों और राजमार्गों को बंद करना पड़ा।

मंगलवार दोपहर तक, राष्ट्रीय आपातकाल और नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण एवेइरो जिले में चार स्थानों पर आग को रोकने का प्रयास कर रहा था। आग लगभग 100 किमी की परिधि में फैल गई है।

अधिकारियों ने इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें पोम्बल, अलवैयाजेरे और कोंडेइक्सा-ए-नोवा की नगर पालिकाओं से दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुर्तगाल की सरकार ने देश भर में गुरुवार तक अलर्ट जारी कयिा है। पुर्तगाली राष्ट्रपति मासेलो रेबेलो डी सूसा ने प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना और एकजुटता व्यक्त की है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# चीन के बढ़ते प्रभाव ने बढ़ाई अमेरिका और भारत की टेंशन, हिंद महासागर में साथ आए दोनों देश, ड्रैगन पर कसेगा शिकंजा

**बीजिंगः चीन** के बढ़ते प्रभाव से उपजी चिंताओं के बीच अमेरिका ने हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के साथ ज्यादा निकटता से सहयोग करने का फैसला लिया है। अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट एम कैंपबेल ने इस संबंध में अपने बयान में कहा, मैं आपको यह पहली बार बता सकता हूं कि अमेरिका और भारत हिंद महासागर पर एक सत्र आयोजित करने जा रहे हैं। हम इस बारे में बात करने जा रहे हैं कि हमारी आपसी चिंताएं क्या हैं, हम एक साथ कैसे काम कर सकते हैं। हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी रिपब्लिकन में बोलते हुए उन्होंने ये ऐलान किया है।



विऑन की रिपोर्ट के मुताबिक, बाइडन के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी कैंपबेल ने कहा कि हिंद महासागर में भारत जैसे साझेदार के साथ अधिक निकटता से काम करने की ओर आशा से देख रहे हैं। हिंद महासागर वैश्विक व्यापार के लिए सबसे महत्वपूर्ण जलमार्गों में से एक है, जहां से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में शिपिंग यातायात गुजरता है। एक अनुमान के मुताबिक, दुनिया का 60 प्रतिशत समुद्री व्यापार हिंद महासागर से होकर गुजरता है, जिसमें दुनिया के एक तिहाई कंटेनर कार्गो और दुनिया के दो-तिहाई तेल शिपमेंट शामिल हैं। इसके चोकपॉइंट्स से हर दिन करीब 36 मिलियन बैरल की आवाजाही होती है, जो दुनिया की लगभग 40 फीसदी तेल आपूर्ति और 64 फीसदी तेल व्यापार के बराबर है।

# ताइवान की गोल्ड अपोलो ने दूसरी कंपनी पर फोड़ा ठीकरा

**बेरूतः लेबनान** में धमाके से फटने वाले पेजर रहस्य बन गए हैं। कथित तौर पर पेजर को ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक कंपनी गोल्ड अपोलो ने बनाया है। लेकिन गोल्ड अपोलो ने इस पेजर को बनाने से साफ इनकार कर दिया है। कंपनी के संस्थापक ह्सू चिंग-कुआंग ने बिना सबूत दिए कहा कि इन्हें हंगरी की एक कंपनी ने बनाया था। कंपनी का मुख्यालय हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में मौजूद है। गोल्ड अपोलो का कहना है कि अफ़924 पेजर का निर्माण इअउ कंसल्टिंग ङ्त्रह्ळ ने किया था, जो बुडापेस्ट में मौजूद है। गोल्ड अपोलो ने कहा कि सहयोग समझौते के तहत बीएसी लेबनान और सीरिया में पेजर की बिक्री के लिए हमारे ब्रांड के ट्रेडमार्क का इस्तेमाल कर सकती है। निर्माण के लिए बीएसी ही जिम्मेदार है।

ह्सू ने कहा कि उनकी कंपनी ने करीब तीन साल पहले हंगरी की कंपनी के साथ समझौता किया था। हंगरी के अधिकारियों ने बुधवार को गोल्ड अपोलो के बयान को खारिज करते हुए कहा कि बुडापेस्ट में मौजूद कंपनी एक व्यापारिक मध्यस्थ है। इसका कोई भी मैन्युफैक्चरिंग स्थल नहीं है। हंगरी के अंतर्राष्ट्रीय संचार राज्य सचिव जोल्टन कोवाक्स ने कहा, 'जिस उपकण का जिक्र किया जा रहा है वह कभी हंगरी में नहीं थे।

# मेड इन इंडिया तोप के गोले पहुंचे यूक्रेन, दोस्त रूस के विरोध के बावजूद भी भारत ने नहीं रोका, रिश्तों में खटास का बड़ा दावा

**कीवः रूस** के खिलाफ यूक्रेन युद्ध में भारतीय तोप के गोले का इस्तेमाल कर रहा है। भारतीय हथियार निमार्ताओं की ओर से इन्हें यूरोप के देशों को बेचा गया था। बाद में इन्हें यूक्रेन भेज दिया गया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने यह खुलासा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस के विरोध के बावजूद भारत ने व्यापार रोकने के लिए हस्तक्षेप नहीं किया। रिपोर्ट में सूत्रों और सीमा शुल्क के डेटा के आधार पर कहा गया है कि रूस के खिलाफ यूक्रेन की रक्षा का समर्थन करने के लिए हथियारों का ट्रांसफर एक वर्ष से अधिक समय से हो रहा है। भारतीय हथियार निर्यात नियम हथियारों के इस्तेमाल को उन्हीं तक सीमित करता है, जिन्होंने इसे खरीदा है। अनधिकृत ट्रांसफ होने पर भविष्य में बिक्री रोकी जा सकती है।

रिपोर्ट में तीन भारतीय अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि रूस ने कम से कम दो मौकों पर इस मुद्दे को उठाया है। इसमें रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और डॉ.एस जयशंकर के बीच जुलाई में हुई मीटिंग भी शामिल है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक रूस और भारत के रक्षा मंत्रालयों ने इससे जुड़े सवाल का जवाब नहीं दिया। जनवरी में भारीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा था कि भारत न यूक्रेन को तोपखाने के लिए गोले नहीं बेचे हैं।

कितने हथियार भेजे गए?

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के हथियार का इस्तेमाल यूक्रेन युद्ध में बेहद कम मात्रा में हुआ है। एक अधिकारी का अनुमान है कि यूक्रेन ने जितने भी गोला बारूद का आयात किया है यह उसका एक फीसदी से भी कम होगा। रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी कि क्या यूरोप के देशों ने इसे यूक्रेन को दान में दिया या फिर उसे बेचा है। यूक्रेन को भारतीय युद्ध सामग्री भेजने वाले यूरोपीय देशों में इटली और चेक गणराज्य भी शामल हैं। यह यूक्रेन के लिए यूरोपीय संघ से अलग भी हथियार भेज रहे हैं। यूक्रेन युद्ध में सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी यंत्र इंडिया के हथियार इस्तेमाल हो रहे हैं।

> रूस और यूक्रेन का युद्ध लंबे समय से चल रहा है
>
> इस युद्ध में यूक्रेन कथित तौर पर भारतीय तोप के गोले चला रहा है
>
> भारतीय तोप के गोले सीधे यूक्रेन नहीं पहुंचे हैं



'भारत ने नहीं की कार्रवाई'

भारतीय अधिकारी ने कहा कि भारत स्थिति पर नजर बनाए है। लेकिन ट्रांसफर की जानकारी रखने वाले एक रक्षा उद्योग के कार्यकारी के साथ उन्होंने कहा कि आपूर्ति को कम करने के लिए भारत ने कोई कार्रवाई नहीं की है। यूक्रेन, इटली, स्पेन और चेक गणराज्य के रक्षा मंत्रालयों ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। यूक्रेन को सबसे ज्यादा समर्थन अमेरिका देता है। हाल ही में अमेरिका और भारत का रक्षा सहयोग बढ़ा है। इसके अलावा भारत का रूस से भी अच्छा संबंध है, जो उसके हथियारों का प्रमुख सप्लायर रहा है। भारत रूस के खिलाफ पश्चिमी नेतृत्व में शामिल होने से इनकार कर चुका है।